राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 20 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री मोदी बेंगलुरु में नए अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर परिसर में बच्चों से भेंट करते हुए।

# बिलकिस बानो के दोषियों को शीर्ष अदालत से झटका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बिलकिस बानो मामले के 11 दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल, अदालत ने उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसमें दोषियों ने आत्मसमर्पण करने की समयसीमा बढ़ाने की मांग की थी। दोषियों द्वारा आत्मसमर्पण करने का समय 21 जनवरी को समाप्त हो रहा है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि दोषियों ने जो कारण बताए हैं, उनमें कोई दम नहीं है। पीठ ने आगे कहा, 'हमने सभी के तर्कों को सुना। आवेदकों द्वारा आत्मसमर्पण को स्थगित करने और वापस जेल में रिपोर्ट करने के लिए दिए गए कारणों में कोई दम नहीं है। इसलिए अर्जियां खारिज की जाती हैं।' बिलकिस बानो मामले के पांच दोषियों ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय से आत्मसमर्पण करने के लिए और समय मांगा था। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में गुजरात सरकार द्वारा सजा में दी गई छूट को रद्द कर दिया था। गौरतलब है, साल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी।

**गुजरात सरकार को लगी थी फटकार:** गुजरात सरकार ने इस हाईप्रोफाइल मामले के ग्यारह दोषियों को सजा में छूट दी थी। लेकिन, शीर्ष अदालत ने आठ जनवरी को इसे रद्द कर दिया था। अदालत ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि उसकी एक आरोपी के साथ 'मिलिभगत' थी। दोषियों को 2022 के स्वतंत्रता दिवस पर समय से पहले रिहा किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने दो हफ्ते के भीतर दोषियों को फिर से जेल में डालने का आदेश दिया था।

**सीजेआई के समक्ष रखें आवेदन:** दोषियों ने खराब स्वास्थ्य, सर्जरी, बेटे की शादी और पकी फसलों की कटाई का हवाला देते हुए आत्मसमर्पण की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। आवेदन न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ के सामने आए थे, जिसने अदालत के स्थायी सचिवालय (रजिस्ट्री) से कहा कि वह आवेदनों को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ के समक्ष रखे।

## आदर्श विचार



"आत्मा न तो जन्म लेती है, और न ही मरती है आत्मा अमर है।"
भागवद् गीता

## मन की बात



"पढ़ने के लिए जरूरी है एकाग्रता, एकाग्रता के लिए जरूरी है ध्यान।"
स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# रामलला का नव्य, दिव्य, भव्य दर्शन

- सामने आई रामलला के अचल विग्रह की पूर्ण तस्वीर, भक्त हुआ भावविभोर...

### सौम्य मुद्रा

- रामलला के माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे
- मन मोह लेने वाली मुस्कान दिख रही



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**गर्भगृह** से रामलला की नई तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में उनके पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। तस्वीर में उनके चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान देखी जा सकती है। रामलला की यह मूर्ति कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई हुई है। इस मूर्ति में बाल सुलभ कोमलता झलक रही है। इसमें रामलला की भुजाएं घुटनों तक हैं। रामलला की मूर्ति श्याम शिला से बनी है। इसकी आयु हजारों साल होती है, यह जलरोधी है। पैर की अंगुली से ललाट तक मूर्ति की ऊंचाई 51 इंच है। मूर्ति का वजन 150 से 200 किलो है, मूर्ति के ऊपर मुकुट व आभामंडल बना हुआ है। सामने आई तस्वीर में रामलला की आंखें बड़ी और ललाट भव्य है।

**प्रतिमा के पार्श्व भाग में उकेरी गई है कुछ और प्रतिमाएं:** रामलला की मूर्ति के पार्श्व भाग में शिला पर आकृतियां उकेरी गई हैं। महामंडलेश्वर संत श्री सतुआजी महाराज बताते हैं कि प्रतिमा के पार्श्व भाग को 'प्रभा' कहते हैं। सामने से मूर्ति को देखें तो बाईं तरफ ओम की आकृति उकेरी नजर आती है। वहीं, दाईं तरफ स्वास्तिक, शंख और चक्र बने नजर आते हैं। शिला का पार्श्व भाग दोनों तरफ से जहां से शुरू होता हैं, वहां कुछ और प्रतिमाएं उकेरी हुई दिखती हैं। माना जा रहा है कि शिला के पार्श्व भाग में नीचे की ओर एक तरफ हनुमान जी और दूसरी तरफ गरूड़ भगवान की प्रतिमा बनाई गई है।

### दो और तस्वीरें भी जारी की गईं

**इससे** पहले रामलला के अचल विग्रह की दो तस्वीरें सामने आईं थीं। पहली तस्वीर में रामलला को ढक कर रखा गया था। इसकी तस्वीर गुरूवार को ही सामने आई थी। शुक्रवार को रामलला का पूरा आवरण सामने आया है। इससे पहले गुरुवार को ढकी मूर्ति का ही पूजन किया गया था। रामलला के अचल विग्रह, गर्भगृह स्थल और यज्ञमंडप का पवित्र नदियों के जल से अभिषेक किया गया। पूजन के क्रम में ही राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला का जलाधिवास व गंधाधिवास हुआ। रामलला के नवनिर्मित मंदिर में अचल विग्रह की स्थापना के साथ विराजमान रामलला को भी पूजित-प्रतिष्ठित किया जाएगा।

### प्रतिमा के पार्श्व भाग में उकेरी गई है कुछ और प्रतिमाएं...

**प्रतिमा के** पार्श्व भाग को 'प्रभा' कहते हैं। सामने से मूर्ति को देखें तो बाईं तरफ ओम की आकृति उकेरी नजर आती है। इससे पहले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के चौथे दिन शुक्रवार को सुबह नौ बजे अरणी मंथन से अग्नि प्रकट की गई। अग्नि प्रकट के साथ चौथे दिन का अनुष्ठान हुआ। शुक्रवार से यज्ञ मंडप में हवन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। वेद मित्रों से आहुतियां डाली जाएगी। इसके पहले गणपति आदि स्थापित देवताओं का पूजन किया गया। पूजन के क्रम में ही द्वारपालों द्वारा सभी शाखाओं का वेदपारायण, देवप्रबोधन, औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास, कुण्डपूजन, पञ्चभूसंस्कार होगा।

# पीएम ने बोइंग के सबसे बड़े परिसर का उद्घाटन किया




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/बेंगलुरु**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में नए अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (बीआईईटीसी) परिसर का उद्घाटन किया। 1,600 करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित, 43 एकड़ का यह परिसर अमेरिका के बाहर बोइंग का सबसे बड़ा निवेश है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह नया सेंटर भारत और दुनिया भर में विमानन क्षेत्र को मजबूत करेगा। यह सेंटर नवाचार के केंद्र के रूप में काम करेगा और विमानन में प्रगति को आगे बढ़ाएगा। एक दिन भारत इस सुविधा में भविष्य के विमान डिजाइन करेगा।

### नवाचार

- बेंगलुरु आकांक्षाओं को नवाचार और उपलब्धि से जोड़ता है : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# वन नेशन वन इलेक्शन' के पक्ष में नहीं कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** 'वन नेशन वन इलेक्शन' के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्रवार को वन नेशन वन इलेक्शन के लिए गठित की गई समिति के सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि कांग्रेस केन्द्र सरकार के इस विचार से सहमत नहीं हैं। एक लोकतांत्रिक देश में यह विचार संविधान की मूल भावना के विपरीत है। खड़गे ने कहा कि इस समिति में विपक्ष का समुचित प्रतिनिधित्व नहीं है। यह समिति विपक्ष को दरकिनार कर गठित की गई थी, क्योंकि केन्द्र सरकार की मंशा ठीक नहीं थी।



खड़गे ने वन नेशन वन इलेक्शन समिति के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द को संबोधित करते हुए लिखा कि केन्द्र सरकार उनके व्यक्तित्व और भारत के पूर्व राष्ट्रपति के पद का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में उन्हें सावधान रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति कोविन्द की अध्यक्षता में पिछले साल सितंबर महीने में 'वन नेशन वन इलेक्शन' को लेकर एक समिति का गठन किया गया था। यह समिति अब तक दो बैठकें कर चुकी है। हाल ही में इस मुद्दे पर समिति ने कुछ दलों को पत्र

### विरोध

- एक लोकतांत्रिक देश में यह विचार संविधान की मूल भावना के विपरीत है : मल्लिकार्जुन खड़गे

# चंद्रयान-3 मिशन की एक और सफलता

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलूरू**
**भारत के चंद्र**यान-3 मिशन को एक और सफलता मिली है। दरअसल चंद्रयान-3 के लैंडर ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पथ प्रदर्शक की तरह काम करना शुरू कर दिया है। इसरो ने एक बयान जारी कर बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत चांद की जमीन पर उतरे लैंडर के साथ एक लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर एरे भी चांद पर भेजा गया था। अब इस उपकरण की मदद से अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के एलआरओ ने लेजर रेंज का मापन कर लिया है। एलआरओ, नासा का ऑर्बिटर है, जो चांद की कक्षा में चक्कर लगा रहा है।

# 22 को भारत के पुर्नप्रतिष्ठा का दिन: योगी

## 'पैदल कतई न आएं, सभी का दायित्व-अव्यवस्था की स्थिति न बने'

**अयोध्या/ब्यूरो**
सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के तत्वावधान में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होना है। इसे लेकर संपूर्ण अयोध्या धाम, उत्तर प्रदेश व देश में उत्साह का माहौल है। कई शताब्दियों के बाद आने वाले इस पल के दर्शन कर श्रद्धालुओं को अंतःकरण से आनंद की अनुभूति होगी। यह भारत के विश्वास व लोकआस्था, गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। सीएम ने विश्वास जताया कि अभी तक जैसे सभी कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुए हैं, वैसे ही 22 जनवरी का कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। जनता व आमजनमानस के सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से इसे सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने बताया कि समारोह की दृष्टि से अयोध्या में प्रशासनिक रूप से बाहर क्या व्यवस्थाएं हुई हैं।



### राममय अयोध्या

- कई शताब्दियों के बाद आने वाले इस पल के दर्शन कर श्रद्धालुओं को अंत:करण से आनंद की अनुभूति होगी

# सीमावर्ती क्षेत्रों में सुविधाएं प्रदान की जा रही: राजनाथ



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को जोशीमठ के ढाक पहुंचे। रक्षा मंत्री ने यहां से भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बनाए गए पुल समेत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित देश के विभिन्न जगहों की 35 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। रक्षा मंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें उत्तराखंड में 03 ब्रिज, जम्मू-कश्मीर में 01 सड़क व 10 ब्रिज, लद्दाख में 03 सड़क व 6 ब्रिज, हिमाचल प्रदेश में 01 ब्रिज, सिक्किम में 02 सड़क, अरूणाचल प्रदेश में 08 ब्रिज तथा मिजोरम में 01 ब्रिज शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में उपस्थित होने पर मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज 670 करोड़ की लागत से 35 बीआरओ प्रोजेक्ट को राष्ट्र को समर्पित करना मेरे लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय से बीआरओ ने इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में जिस क्षमता से कार्य किया है, वह अभूतपूर्व है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती और पहाड़ी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय सुविधा बहाल की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की सोच अन्य सरकारों से अलग है। पहले की सरकारों के लिए बॉर्डर एरिया अंतिम होता था, लेकिन हमारी सरकार की सोच बॉर्डर एरिया चेहरा है। इसलिए हम सीमाओं पर भी विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहे हैं। आज देश में हर सीमावर्ती इलाकों में सड़कें, सुरंगों और पुलों के माध्यम से कनेक्टिविटी दी जा रही है। इसका सुरक्षा के साथ ही बॉर्डर एरिया पर रह रहे लोगों के विकास और कल्याण से संबंध जुड़ा हुआ है।






## दिनदहाड़े दो मर्डर से दहला गौतमबुद्ध नगर

**ग्रेटर नोएडा।** एक दिन में लगातार दो हत्याओं से गौतमबुद्ध नगर दहल उठा है। एक के बाद एक लगातार दो हत्या की खबर सुनकर जिलेवासी सहम गए हैं। नोएडा में एयर इंडिया के क्रू मेंबर की हत्या के बाद कुछ ही घंटे बाद एक बुजुर्ग का भी मर्डर कर दिया गया।

# सरकारी स्कूल में मिड-डे मील से ज्यादा बच्चों को भा रहे मोमोज-चाऊमीन

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा।** शुक्रवार दोपहर 12:40 बजे नवादा कंपोजिट स्कूल सेक्टर-62 में प्रवेश करते ही साप्ताहिक बाजार सा माहौल बना हुआ था। एक लाइन से चार-पांच खाने-पीने के सामान की दुकानें लगी हुई थी और उन पर बच्चे की भीड़ उमड़ी हुई थी। मोमोज, चाऊमीन, खस्ता-कौचड़ी, पेटीज, समोसे आदि मिल रहे थे। मिड-डे मील के बार में पूछने पर बच्चे झिझक गए। कुछ ने नहीं खाने की बात कही तो कुछ ने खाने की बात कही। खाने वालों से पूछा कि पेटभर नहीं मिलता तो फिर चुप हो गए। सभी पैसे देकर खरीद रहे थे। उसके बाद बेचने वालों से अंदर आने के बारे में पूछा तो बोले ऐसे ही लगा देते हैं। वैसे तो बहुत सारे स्कूलों में कैंटीन होती है और वहां पर यह सब मिलना सामान्य है, लेकिन परिषदीय स्कूलों के मामले में यह असामान्य हो जाता है। परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को कम से कम एक समय पोषणयुक्त पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिड-डे मील उपलब्ध कराया जाता है।

**स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही**


ऐसे में पोषण युक्त भोजन के बीच कम गुणवत्ता का फास्ट फूड खुलेआम स्कूल परिसर में मिलना स्कूल प्रबंधन और विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्न है। परिषदीय स्कूलों में आने वाले ज्यादातर आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर पृष्टभूमि से आते हैं। ऐसे में उनको स्कूल से जोड़ने और बेहतर भोजन के लिए यह महत्वपूर्ण हैं। इससे कहीं न कहीं बच्चों का मिड-डे मील के प्रति मोहभंग भी हो रहा है।

**समझाने की जगह दे रहे बढ़ावा**

जब स्कूल परिसर में खाने-पीने की दुकानें चलने के बारे में स्कूल के प्रधानाचार्य जोध सिंह भाटी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि स्कूल में शत प्रतिशत छात्र मिड-डे मील खाते हैं। कुछ बच्चे उसके बाद भी बाहर खाने के लिए जाते थे। इसमें लड़कियां भी थी। बीच में कुछ लड़कों ने छींटाकशी की थी। इसको देखते हुए हमने अंदर ही दुकान लगाने को कहा।

पुलिस को भी सूचना दी थी। कहीं न कहीं बच्चों को बाहर के खाने और फास्टफूड के प्रति जागरूक करने के बजाय स्कूल की तरफ से अंदर ही दुकानों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## साहिबाबाद से दुहाई तक दो दिन नहीं चलेगी नमो भारत ट्रेन




**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** दुहाई से मेरठ दक्षिण तक 25 किलोमीटर में नमो भारत ट्रेन के दूसरे चरण का ट्रायल रन चल रहा है। दो दिन उक्त रूट पर सिग्नल को अपग्रेड करने व परीक्षण का काम होगा। इसके चलते साहिबाबाद से दुहाई तक 20 और 21 जनवरी दो दिन नमो भारत ट्रेन का संचालन नहीं होगा।

उपरोक्त कार्य पूरा होने के बाद 22 जनवरी से साहिबाबाद से दुहाई तक नमो भारत ट्रेन का संचालन पहले की तरह की होगा। अक्टूबर से साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच शुरू हुई सेवा 82 किमी लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर देश की पहली नमो भारत ट्रेन का परिचालन यात्रियों के लिए पिछले साल 20 अक्टूबर से साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच 17 किमी. लंबे रूट पर शुरू हुआ था।

## गाजियाबाद में जमकर गरजा बुलडोजर

**गाजियाबाद।** अवैध कॉलोनी के खिलाफ शुक्रवार को जीडीए ने बड़ी कार्रवाई की है। भूड़गढ़ी में 30 बीघा जमीन पर तीन स्थानों पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी को जीडीए के प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन जीडीए के सचल दस्ते व स्थानीय पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**




जावेद उर्फ नफीस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** जावेद उर्फ नफीस **पुत्रः** कलीम खां **निवासीः** गांव ऊचामशाह, थाना वार्ड नं. 4, जिला बांके, नेपाल और वर्तमान पताः मकान नं. 940, हवेली आजम खां, जामा मस्जिद, दिल्ली जो दिनांक 15.12.2023 से कुरैशी कवाब, उर्दू बाजार, जामा मस्जिद, दिल्ली से लापता/ अपहरण कर लिया गया है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 497/2023 धारा 363 भा.द.सं. दिनांक 22.12.2023 थाना जामा मस्जिद, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः–

**उम्रः** 13 वर्ष, **कदः** 4'10'', **रंगः** सांवला, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, **कपड़ेः** नीले रंग का कुर्ता पैजामा और सफेद रंग की टोपी तथा पैरों में प्लास्टिक की चप्पल पहने हुए है।.

यदि किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा/अपहृत लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ई–मेल आईडी–**cic@cbi.gov.in** वेबसाईट **http://cbi.nic.in**

**फोनः 011-24368638,24368641**
**फैक्स नं.:011-24368639**
**DP/14875/CD/2023**

**थानाध्यक्ष**
**थाना जामा मस्जिद, दिल्ली**
**मध्य जिला, दिल्ली**
**दूरभाष सं. 011-23261625, 8750870422**

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 40 वर्ष, कदः 5'6", रंगः गेहुँआ, चेहराः अण्डकार, शरीरः मध्यम, पहनावाः काले रंग का स्वेटर और भूरे रंग का जैकेट और काले रंग का पैंट पहने हूए है। जोकि दिनांक 18.01.2024 को पुराना रोहतक रोड आरपीएफ का गेट न–2, सराय रोहिल्ला ब्रिज के नीचे हनुमान मंदिर के सामने, दिल्ली से मृत हालत में पाया गया। जिसके संदर्भ में DD No. 19-A U/s 174 CrPc, दिनांक 18.01.2024 से थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली में दर्ज है। मृत शरीर को दिल्ली के सब्जी मंडी के शवगृह में सुंरक्षित रखा गया है

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरन्त अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली
DP/819/N/2024 फोनः 011 23691106, 9871421195

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## Change of Name

**I Vibhuti D/o Har Parshad Grover R/o House No-2010/18, Near Bank of Baroda, Mohalla Rampura, Hisar, Haryana-125001, have changed my name to Vibhuti Grover.**

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।



# राजधानी दिल्ली





# गणतंत्र दिवस से पहले माहौल बिगाड़ने की कोशिश

## पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर के हस्तसाल इलाके में एक सरकारी स्कूल की चारदीवारी पर खालिस्तान समर्थित नारे लिखे पाए गए, पुलिस कर रही मामले की जांच

**जांच जारी**

**कुछ दिन पहले ही चंद्र विहार इलाके में एक दीवार पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे मिले थे**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गणतंत्र** दिवस से ठीक पहले दिल्ली में एक बार फिर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है। पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर के हस्तसाल इलाके में एक सरकारी स्कूल की चारदीवारी पर खालिस्तान समर्थित नारे लिखे पाए गए हैं। जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली, तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि यह नारे खालिस्तान समर्थकों ने लिखी है। हालांकि इस संबंध में जांच की जा रही है। बता दें, ऐसा पहली बार नहीं है कि गणतंत्र दिवस से पहले खालिस्तानियों ने ऐसी हरकत की हो। पहले भी मेट्रो स्टेशन की दीवार पर ऐसे नारे लिखे गए हैं। बाद में पुलिस ने उसे मिटाया भी। कुछ दिन पहले ही निहाल विहार थाना के चंद्र विहार इलाके में एक दीवार पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे मिले थे। पुलिस ने बताया था कि सोमवार रात खालिस्तान समर्थक भड़काऊ नारे लिखे पाए गए।

**गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दी थी धमकी:** इससे पहले पिछले साल दिसंबर महीने में प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थित आतंकी संगठन एसएफजे के हैंडलर गुरपतवंत सिंह पन्नू ने संसद हमले के दोषी अफजल गुरु के साथ एक पोस्टर जारी करते हुए कहा था कि दिल्ली बनेगा खालिस्तान। धमकी में उसने कहा है कि उसकी प्रतिक्रिया संसद की नींव को हिला देगी।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नारे को मिटा दिया है। उत्तम नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आस पास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को लेकर जांच शुरू कर दी है।

## इस बार कर्तव्य पथ पर दिखेगा अलग नजारा, आधी आबादी दिखाएगी पूरा दम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आगामी** गणतंत्र दिवस के दिन देशवासियों को परेड व झांकियों में काफी कुछ नया देखने को मिल सकेगा। वह इसलिए, क्योंकि इस बार कर्तव्य पथ पर तकरीबन सभी अर्ध सैनिक बलों व दिल्ली पुलिस में तैनात आधी आबादी अपना पूरा दम दिखाएगी।

**काफी कुछ नया देखने को मिलेगा:** इसके लिए विगत दो हफ्ते से अधिक समय से कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड व बैंड का प्रशिक्षण अभ्यास जारी है। परेड जत्था में पहले सीआरपीएफ व तट रक्षक फोर्स की ही महिलाकर्मी शामिल होती थीं। इनके बैंड में भी महिलाएं होती थीं, लेकिन इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। अर्ध सैनिक बलों की महिलाकर्मी इस बार कई हैरतअंगेज कारनामे दिखाएंगी।

**इन जत्थों में केवल महिलाकर्मी ही शामिल:** गणतंत्र दिवस समारोह



की तैयारी से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इस बार आर्मी, नेवी व एयरफोर्स द्वारा किए जाने वाले परेड जत्था में महिला व पुरुष दोनों शामिल होंगे। इन तीनों के बैंड में भी महिला व पुरुष दोनों शामिल होंगे, लेकिन दिल्ली पुलिस व अर्ध सैनिक बलों जैसे सीआईएसएफ, बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ व एसएसबी आदि की परेड जत्था में केवल महिलाकर्मी ही होंगी। इन सभी के बैंड में भी महिलाकर्मी ही होंगी। छोटे फोर्स की एक परेड जत्था में करीब 90-100 महिलाकर्मी व बड़े फोर्स जैसे अर्ध सैनिक बलों की एक परेड जत्था में करीब 130-150 कर्मी होंगी। इस बार फ्रांस की आर्मी व वहां की पुलिस एक साथ मिलकर परेड करेंगे, जिसमें महिला व पुरुष कर्मी दोनों होंगे।

**परेड में दिखेंगी कुल 37 झांकियां:** कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में सैन्य टुकड़ियां अपनी-अपनी क्षमताओं के प्रदर्शन के अलावा अत्याधुनिक हथियारों, अलग-अलग राज्यों की झांकियां और लड़ाकू विमान आदि का प्रदर्शन करेंगे।

# मकान मालिक की लापरवाही से गई छह जानें



**दुखद**

**पीड़ित परिवार का कहना है कि मकान मालिक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के पीतमपुरा** में गुरुवार को एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से छह लोगों की जलकर मौत हो गई और एक घायल हो गया। पीतमपुरा आग मामले में जान गंवाने वाली कृति और सोनू के मामा ने आरोप लगाया है कि समय रहते मकान मालिक ने ऊपरी मंजिल में रहने वाले लोगों को आग लगने की जानकारी नहीं दी, जबकि मकान मालिक घर के बाहर खड़े थे। वह चाहते तो सभी की जान बच सकती थी।


अंबेडकर अस्पताल के शवगृह के बाहर खड़े मामा अमित ने नम आंखों से बताया कि उनकी जानकारी मिलते ही कुछ ही देर में घटना स्थल पर पहुंचा। देखा कि मकान मालिक बाहर खड़े हैं। मैंने उनसे कहा भी कि आपने अनलोगों को बताया क्यों नहीं? लेकिन उन्होंने मेरी नहीं सुनी। सोनू ने धुंआ उठता देख, अपने पिता को भी फोन पर जानकारी दी।

**हादसे में छह लोगों की मौत हो गई:** उसने बताया कि धुएं से दम घुट रहा है। सांस नही ले पा रही हूं। पिता ने ऊपर भागने के लिए कहा। जैसे ही दोनों बहने उपर जाने के लिए निकली, तभी मोबाइल गिरने की आवाज सुनाई दी। फिर बार-बार कॉल करने पर भी किसी ने फोन नही उठाया।

पीड़ित परिवार का कहना है कि मकान मालिक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। इस हादसे में छह लोगों की मौत हुई है।

**आग लगने की वजह की चल रही जांच:** आग शॉर्ट-सर्किट या रूम हीटर के कारण लगी होगी। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा कि फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट से आग लगने की असली वजह सामने आएगी। अग्निशमन सेवा विभाग के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि आग पर एक घंटे में काबू पा लिया गया और ठंडा करने की अभियान जारी है।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग इमारत की पहली मंजिल पर लगी और ऊपर की तीन मंजिलों पर धुआं फैल गया और लोगों का दम घुट गया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई।

# फिर धरी रह गई सिसोदिया की आस, 5 फरवरी तक बढ़ी न्यायिक हिरासत



**राहत नहीं**

**संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के शराब नीति घोटाला मामले में दो-दो केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा आरोपी बनाए गए दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को शुक्रवार को भी कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सीबीआई मामले की सुनवाई करते हुए मनीष सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत 5 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। इसके साथ ही अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई से जांच की ताजा स्टेटस रिपोर्ट भी फाइल करने के लिए कहा है।


**26 फरवरी को गिरफ्तारी, कैबिनेट से इस्तीफा:** बता दें कि सिसोदिया को 26 फरवरी को घोटाले' में उनकी कथित भूमिका के लिए सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। तब से वह हिरासत में हैं। ईडी ने तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ के बाद 9 मार्च को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने 28 फरवरी को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। गौरतलब है कि इस मामले में विपक्षी दल भाजपा और दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी के बीच जमकर सियासी बयानबाजी भी होती है। मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लग चुका है। घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने समीक्षा याचिकाएं खारिज की थीं।

## दो भाइयों ने युवक को चाकू से गोदा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बिंदापुर** में पुलिस के सामने एक मामले में बयान देने से नाराज दो भाइयों ने एक युवक के पेट में चाकू गोद दिया। घायल की पहचान लक्की के रूप में हुई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी कासिम को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरे आरोपी भूरा की तलाश की जा रही है। लक्की उत्तम नगर के विजय विहार में रहता है। वह जनकपुरी स्थित जिम में हेल्पर है। लक्की ने बताया कि मंगलवार रात वह पत्नी को ससुराल से लेकर स्कूटी से घर जा रहा था। जेजे कॉलोनी पंखा रोड के पास इलाके में रहने वाला कासिम और उसकी बुआ के बेटा भूरा ने उन्हें रोक लिया। कासिम और भूरा ने एक साल पहले अपने एक दोस्त को चाकू मारकर घायल कर दिया था।

# ग्रेप तीन की पाबंदियों वापस, निर्माण कार्यों पर रोक नहीं



**राहत**

**बीएस-3 वाले पेट्रोल और बीएस-4 वाले डीजल चार पहिया वाहनों (कारें) पर प्रतिबंध लगा हुआ था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रदूषण के** स्तर में हुए सुधार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप समिति ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) तीन की पाबंदियों को वापस ले लिया है। इसके साथ ही अब दिल्ली-एनसीआर में निजी निर्माण कार्यों में लगी पाबंदी हट गई है। बीएस-3 पेट्रोल एवं बीएस-4 डीजल चालित चार पहिया वाहन भी चल सकेंगे।

**लागू रहेंगे ग्रेप-1 और 2 के प्रतिबंध:** तेज हवा के असर से एक्यूआई में शुक्रवार को हुए सुधार के बाद शाम को ग्रेप की उप समिति की बैठक हुई, जिसमें प्रदूषण स्तर की समीक्षा की गई। बैठक में कहा गया कि प्रदूषण स्तर में सुधार हुआ है और अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता के दोबारा गंभीर श्रेणी में जाने के आसार नहीं हैं। इसी को देखते हुए ग्रेप तीन की पाबंदियां वापस लेने का फैसला लिया गया। ग्रेप एक और दो की पाबंदियां जारी रहेंगी। मालूम हो कि उप समिति ने 14 जनवरी को ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियां लगाई थीं। ग्रेप तीन की पाबंदियों में निजी निर्माण और ध्वस्तीकरण पर पाबंदी लगी थी। लाखों की संख्या में लोग निर्माण सेक्टर में काम करते हैं, इसलिए इन पाबंदियों का असर इन सभी पर पड़ रहा था। बहुत सारे निर्माण कार्य अधूरे पड़े थे।

**स्टोन क्रेशर का भी हो सकेगा संचालन:** वहीं, स्टोन क्रेशर आदि का संचालन भी अब किया जा सकेगा। ग्रेप तीन के तहत बीएस-3 वाले पेट्रोल और बीएस-4 वाले डीजल चार पहिया वाहनों (कारें) पर प्रतिबंध लगा हुआ था। यह पाबंदी दिल्ली के साथ एनसीआर के चार जिलों गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, फरीदाबाद और गुरुग्राम में लगी हुई थी। अब इन वाहनों का संचालन भी किया जा सकेगा।

दिल्ली की वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ लेकिन हवा अभी भी बहुत खराब श्रेणी में ही है। अगले तीन दिन तक एक्यूआई बहुत खराब या खराब श्रेणी में बने रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली का एक्यूआई 318 रहा। बीते चौबीस घंटे के भीतर इसमें 50 अंकों का सुधार हुआ है।

# स्पा सेंटर में हो रही थी जिस्मफरोशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पूर्वी और शाहदरा जिला में दो अलग-अलग जगहों पर जिस्मफरोशी का धंधा किया जा रहा था। शाहदरा में स्पा सेंटर की आड़ में धंधा किया जा रहा था। पुलिस ने नकली ग्राहक भेजकर इस पूरे रैकेट का खुलासा किया। यहां से एक युवती समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

वहीं लक्ष्मी नगर के एक मकान में जिस्मफरोशी कराई जा रही थी। सूचना के बाद पुलिस ने यहां छापेमारी की। पुलिस को यहां चार महिलाएं व तीन व्यक्ति मिले। पुलिस ने महिलाओं को पूछताछ के बाद छोड़ दिया जबकि तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी इसी तरह की गतिविधियों में पहले भी शामिल रहा है।

शाहदरा जिला के पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 15 जनवरी को स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर विकास कुमार व अन्य की टीम को अवैध धंधे की खबर मिली थी। फौरन एक नकली ग्राहक को कड़कड़डूमा कम्युनिटी सेंटर, आशीष टावर में भेजा गया। यहां पर स्पा नाऊ करके सेंटर था। नकली ग्राहक ने बातचीत की।

मसाज के एक हजार रुपये बताए गए। बाद में जिस्मफरोशी के नाम पर एक हजार रुपये अतिरिक्त की डिमांड की गई। नकली ग्राहक का इशारा मिलने पर पुलिस की टीम ने वहां से आनंद विहार निवासी मदन कुमार (30) को दबोच लिया।

# पानी न देने पर रूम पार्टनर की गला घोंटकर हत्या




**सनसनीखेज**

**आरोपियों ने इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव के गले में रस्सी बांधकर उसे छत से लटका दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** निहाल विहार में इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां पीने का पानी नहीं देने पर रूम पार्टनर ने नाबालिग के साथ मिलकर एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव के गले में रस्सी बांधकर उसे छत से लटका दिया। मृतक की पहचान यूपी हरदोई निवासी रचित के रूप में हुई। गले पर घोंटने का निशान मिलने पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने घटना के बाद से फरार रचित के रूम पार्टनर यूपी के हरदोई निवासी अभय कांत मिश्रा और उसके नाबालिग परिचित को पकड़ लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11 जनवरी को लक्ष्मी पार्क इलाके में एक युवक द्वारा खुदकुशी करने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक का शव पंखे की रॉड से लटका हुआ है। छानबीन के दौरान छत की लंबाई ज्यादा होने और आसपास कोई टूल वगैरह नहीं होने की वजह से पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने शव को नीचे उतार कर उसकी जांच की। इस दौरान पुलिस को उसकी गर्दन पर निशान मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। मौके पर छानबीन के दौरान मकान मालिक ने बताया कि रचित और उसके दो रूम पार्टनर इलाके में स्थित एक ट्रांसफार्मर बनाने वाली कंपनी में काम करते थे। पुलिस ने पाया कि घटना के बाद से दोनों रूम पार्टनर गायब हैं। अभयकांत के मोबाइल पर संपर्क किया। लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद था।

# 'एमसीडी कमिश्नर आप सरकार की नहीं मान रहे बात'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली सरकार** की मंत्री आतिशी ने दुकानों की सीलिंग को लेकर शुक्रवार को बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 2017 में जिस दिन से दिल्ली में दुकानों की सीलिंग शुरू हुई है, तब से ही आम आदमी पार्टी व्यापारियों के संघर्ष में साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस गैरकानूनी सीलिंग और व्यापारियों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 में ज्युडिसियल कमेटी के आदेश आने के बाद भी डिसीलिंग नही शुरू की गई है, क्योंकि एमसीडी कमिश्नर आप सरकार की बात मानने को तैयार नहीं हैं। भाजपा ने एमसीडी अमेंडमेंट एक्ट लाकर एमसीडी कमिश्नर की नियुक्ति को अपने हाथ में ले लिया है, क्योंकि भाजपा को एमसीडी इलेक्शन हार जाने का डर था। आतिशी ने कहा कि भाजपा 15 साल से एमसीडी से पैसे कमाती थी। पैसे की उगाही करती थी और वह बंद न हो इसलिए एमसीडी अमेंडमेंट एक्ट लाया गया ताकि भाजपा इलेक्शन हारने के बाद भी पिछले दरवाजे से दिल्ली एमसीडी को चला सके और पैसा कमा सके।

# शुक्रवार को दिल्ली का बढ़ा तापमान, गलन में नहीं आई कमी...

**प्रभावित**

**'पालम हवाईअड्डे पर सुबह 4.30 बजे दृश्यता 00 मीटर रही जो सुबह 5.00 बजे 50 मीटर हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह ठंड से कुछ राहत मिली। सुबह यहां का तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से एक डिग्री कम है। हालांकि तापमान में बढ़त का असर गलन में नहीं दिखा। दिल्ली-एनसीआर में तापमान में वृद्धि के बाद भी गलन और ठिठुरन से लोगों को राहत नहीं मिली है।

**कम दृश्यता के चलते प्रभावित हुई उड़ानें:** इसके साथ ही सुबह 4 बजे आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता शून्य मापी गई जिसमें धीरे-धीरे सुधार हुआ लेकिन इसके चलते कई उड़ानें प्रभावित हुईं। आईएमडी ने एक एक्स पोस्ट में कहा, 'पालम हवाईअड्डे (दिल्ली) पर सुबह 4.30 बजे दृश्यता 00 मीटर रही जो सुबह 5.00 बजे 50 मीटर हुई और सुबह 6.30 बजे यह 150 मीटर दर्ज की गई। हालांकि सुबह 8.00 बजे पालम में 500 मीटर और सफदरजंग में 400 मीटर दृश्यता दर्ज की गई।

**बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई वायु गुणवत्ता:** इसके अलावा, शहर भर के कई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार क्षेत्र में, सुबह 9 बजे ढट2.5 का स्तर 348 पर 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया और पीएम10 242 या 'खराब' पर पहुंच गया।

**क्या है वायु गुणवत्ता के मानक:** शून्य और 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को 'अच्छा' ; 51 और 100 'संतोषजनक'; 101 और 200 'मध्यम'; 201 और 300 'मॉडरेट'; 301 और 400 'बहुत खराब'; और 401 और 500 'गंभीर' माना जाता है। आईजीआई हवाईअड्डे टी3 पर पीएम2.5 का स्तर 210 या 'खराब' रहा, जबकि पीएम10 135 पर था, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।



**अभी कम नहीं होगी ठंड**

मौसम विज्ञानियों का कहना है कश्मीर व हिमालय की ओर से आने वाली बर्फीली पछुआ पूरे क्षेत्र में जमकर डेरा डाल चुकी है, ऐसे में आने वाले चार-पांच दिनों तक तो ठंड से विशेष राहत की संभावना नहीं दिखती। बीएचयू के मौसम विज्ञानी प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव बताते हैं कि हिमालयी क्षेत्र से उत्तर-पश्चिम की ओर से आने वाली हवा पूर्वी उत्तर प्रदेश से लेकर इसके और आगे तक जमी हुई है। सतह से डेढ़ किमी से दो किमी ऊपर काफी तेज पछुआ हवा है, जबकि सतह पर इसकी गति काफी कम है। सतह पर भी अगर हवा की गति बढ़ी तो ठंड में और प्रचंड वृद्धि हो जाएगी। नीचे से ऊपर तक बह रही पछुआ के चलते अभी परिदृश्य में जल्द कोई बदलाव का लक्षण नहीं दिख रहा। इसलिए चार-पांच दिनों तक गलन भरी ठंड का सामना तो करना ही है।

**दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से मुक्ति नहीं:** दूसरी तरफ हवा में अभी भी मानकों से लगभग सवा दो गुना ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद हैं। मानकों के मुताबिक, हवा में प्रदूषक कण 10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से कम होना चाहिए। लेकिन बृहस्पतिवार की शाम पांच बजे दिल्ली की हवा में पीएम 10 का औसत स्तर 224 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 130 रहा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली का अनुमान है कि अभी दिल्ली के लोगों को प्रदूषित हवा से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

# सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के लिए की अनेक पहल: सीएम

## टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जनता के घर द्वार तक पहुंचाया जा रहा है कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया फर्स्ट की भावना से कार्य करते हुए बदली देश की तस्वीर: मनोहर लाल

**देशहित**

**एक विचारधारा है जो व्यक्तिगत स्वार्थ से उपर उठकर समाज और देशहित के लिए कार्य कर रही है :सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने 2014 के बाद प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के लिए अनेक पहल की हैं। टैक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके घर द्वार पर पहुंचाया जा रहा है। मनोहर लाल एमडीसी सेक्टर-3 पंचकूला में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ विपक्षी पार्टियां प्रदेश सरकार को पोर्टल की सरकार कहती है। उन्होंने कहा कि पोर्टल के प्रयोग से प्रदेश के लोगों का जीवन सुगम बना है और प्रदेश की जनता ऐसी पार्टियों को घर बैठाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और वार्ड में पंहुचकर मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ एक समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी एक विचारधारा है जो व्यक्तिगत स्वार्थ से उपर उठकर समाज और देशहित के लिए कार्य कर रही है। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा की गई व्यवस्था परिवर्तन की शुरूआत को आगे बढ़ाते हुए देश में अनेक क्रांतिकारी बदलाव किए है। नरेंद्र मोदी ने इंडिया फर्स्ट की भावना से कार्य करते हुए देश की तस्वीर बदल दी है। एक समय था जब भारत का नाम विश्व सूची में अंतिम देशों में गिना जाता था परंतु आज भारत आर्थिक दृष्टि से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नेता है और आज पूरा विश्व भारत का लोहा मान रहा है।

उन्होंने गरीब लोगों की चिंता करते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की है। सालाना पांच लाख रुपये की निशुल्क चिकित्सा सुविधा वाली आयुष्मान भारत योजना और माताओं बहनों के लिए निशुल्क गैस सिलेंडर और चूल्हे प्रदान करने के लिए लागू की गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी अनेकों योजनाओं से गरीब लोगों का जीवन बदल गया है।

## 'हर जिले को नेशनल हाईवे से जोड़ा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री मंत्री डा. बनवारी लाल कहा कि सरकार ने बावल हलके में लोगों को बेहतर आवागमन सुलभ करवाने के लिए 32 सड़कों के मजबूत और सुदृढीकरण की मंजूरी प्रदान की गई है। इन सड़कों पर लगभग 30 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत आएगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य में सड़क तंत्र को मजबूत और सुदृढीकरण करने के साथ साथ हर जिले को नेशनल हाईवे से जोड़ने का कार्य किया है। इसके अलावा किसानों के लिए मण्डी में अपनी उपज लाने के लिए भी सम्पर्क मार्गो को बढाया गया है। इसी कड़ी में बावल हलके की अधिकांश सड़कें बनाई गई है। शेष सड़कों के लिए भी राशि जारी कर दी है। जल्द ही इन सड़कों के निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा। डा. बनवारी लाल ने कहा कि मंजूर की गई सड़कों में सम्पर्क मार्ग, अप्रोच रोड़ तथा अन्य जिलों से जोड़ने वाले सड़क मार्ग भी शामिल है। . गुमिना से भाण्डोर अप्रोच रोड पर एक करोड़ 37 लाख रुपए, बलवाड़ी से बलवाड़ी मंदिर तक बनने वाली सड़क पर एक करोड़ रुपए, खोरी से चिमनवास सड़क पर 1 करोड़ 10 लाख रुपए, बास डोडा अप्रोच रोड़ पर 2 करोड़ 30 लाख रुपए, जरथल से नन्दरामपुर बास सड़क मार्ग पर 4 करोड़ 15 लाख रुपए और साम्पली से नेशनल हाईवे 8 को जोड़ने वाली सडक पर 1 करोड़ 10 लाख रुपए, सहकारिता मंत्री ने बताया कि निगानीवास से रालियावास सड़क मार्ग पर 34.12 लाख रुपए, हुसैनपुर से डलियाकी सड़क मार्ग पर 70 लाख रुपए, ढाणी भाण्डोर से पुनसिका पुनसिका सड़क मार्ग पर 70 लाख रुपए तथा भैरुनाथ आश्रम के लिए अप्रोच रोड पर 30 लाख रुपए की लागत आएगी।

# शिकायत निवारण समितियों के लिए गैर-सरकारी सदस्य मनोनीत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निवारण समिति, गुरुग्राम और पंचकूला के गैर-सरकारी सदस्य मनोनीत किए हैं। मुख्य सचिव संजीव कौशल की ओर से आज इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है।

**निवारण**

**लोक संपर्क और शिकायत निवारण समिति, गुरुग्राम में डॉ. सुधा, गार्गी कक्कड़ को मनोनीत किया गया**

जिला लोक संपर्क और शिकायत निवारण समिति, गुरुग्राम में डॉ. सुधा यादव, गार्गी कक्कड़, जी.एल. शर्मा, राष्ट्र दहिया, डी.सी. यादव, मनीष यादव, संजय भसीन, भूपेन्द्र चैहान, अनिल यादव, तिलक राज मल्होत्रा, मनीष गाड़ौली, अनिल गंडास, अनु यादव, समय सिंह भाटी, सतबीर खटाना, परमिन्द्र कटारिया, वीरेंद्र यादव, कमल यादव, महेश चैहान, रमेश वशिष्ठ, सूरज पाल अम्मू, रमेश कालड़ा, कैप्टन बलबीर सिंह, धर्मबीर डागर, देश राज यादव, अनिल भारती, अजीत यादव, सुमेर तंवर, डॉ. रविन्द्र राघव, मनी राम राठी, के.एल. आर्य, रविन्द्र जैन, सुरेन्द्र खुल्लर, संदीप राघव, प्रदीप चैधरी, तैयब हुसैन, गोपी चंद, बी.आर. सीकरी, यशपाल बत्रा, महेश यादव, यदुवंश चुग, विक्रांत यादव, प्रेमपाल सलूजा, योगेश जोशी, विनोद कुमार चैहान, हंसराज सपरा, सुंदरलाल यादव, सूरज गोयल, अरुण शर्मा, हर्षवर्धन मित्तल, सर्वप्रिय त्यागी, सुधारी खत्री, रंजीत सिंह, गुलशन अरोड़ा ,प्रमोद (मोनू) जांघू, प्रवीण कुमार, संदीप नरूका, संदीप यादव, रामबीर, दीपक डागर, रतन कुमार शर्मा, यशवीर राघव, नरेश सहरावत।

**न्यूज फ्लैश**

## हरियाणा में 22 जनवरी को आधे दिन का सार्वजनिक अवकाश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा में भागीदारी हेतू प्रदेश के सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, स्कूल कालेज, यूनिवर्सिटी सहित अन्य प्रतिष्ठानों के सभी कर्मचारियों के लिए 22 जनवरी, 2024 (सोमवार) को आधे दिन (2.30 बजे तक) का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मानव संसाधन विभाग की ओर से इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है।

## जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने दिया शोभायात्रा के लिए निमंत्रण



**समालखा/कुलदीप सिंह**

जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने रविवार को प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा को लेकर समालखा खंड के विभिन्न क्षेत्रों में निमंत्रण दिया और अपील की कि यह एक उमंग और उल्लास का पर्व है इसलिए इस प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर पानीपत में आयोजित शोभायात्रा में हम सबको शामिल होना चाहिए।

ज्योति शर्मा ने कहा कि आज भारत देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में पूरे विश्व में अपने आप को स्थापित कर रहा है। यह उनकी दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज कि इस पीढ़ी को रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा देखने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। ज्योति शर्मा ने कहा कि सभी जिला वासियों को इस शोभायात्रा में शामिल होकर इस प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस शोभायात्रा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी अपना शुभ संदेश देने पानीपत आ रहे हैं और प्रसिद्ध सूफी संत कैलाश खेर इस शोभायात्रा में अपने भजनों से सबको मंत्र मुग्ध करेंगे।

## कारखानों और प्रतिष्ठानों में सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संगोष्ठी का किया सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गुरुग्राम जिले में हरियाणा श्रम विभाग ने 'कारखानों और प्रतिष्ठानों में सुरक्षा और स्वास्थ्य पर जागरूकता पैदा करना' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। साथ ही यहां नवीनतम सुरक्षा उपकरणों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें विभिन्न प्रबंधन कर्मचारी और कारखाना मालिकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति थी।

इस अवसर पर संगोष्ठी के मुख्य अतिथि श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने अपने सम्बोधन में "स्वास्थ्य और सुरक्षा में निवेश सर्वोत्तम निवेश है" विषय पर जोर दिया। उन्होंने उद्योग मालिकों और प्रबंधन को अपने श्रमिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वास्थ्य और सुरक्षा में निवेश न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा करता है, बल्कि श्रमिकों के समग्र व्यावसायिक दक्षता और उत्पादकता को भी बढ़ाता है। उन्होंने कार्यस्थल सुरक्षा की अनदेखी के खतरों को उजागर किया और कई उदाहरणों के माध्यम से यह बताया कि कैसे लापरवाही दुर्घटनाओं और चोटों का कारण बन सकती है।

## चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को दिया कर्मयोगी प्रशिक्षण



**समालखा/( कुलदीप सिंह )**

हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के आत्मबल को जागृत कर अपनी नौकरी के प्रति कर्तव्य निष्ठा का बौद्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "मिशन कर्मयोगी" अभियान के तहत समालखा में स्थित लड़कियों की आईटीआई में कर्मयोगी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है,

जिसमें शुक्रवार को सिंचाई विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के 29 कर्मचारियों को जिला पंचायत विभाग के लीगल आफिसर राजेश दुग्गल व मतलौडा के एसईपीओ नवीन कुमार ने कर्मयोगी बनाने का प्रशिक्षण दिया।

## 'शहीद स्मारक बनाने के लिए बीस वर्ष तक लंबी लड़ाई लड़ी'

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आपके क्षेत्र में घूमकर आयुष्मान कार्ड बनवाने व पेंशन लगवा रही है - विज, विज ने तोपखाना बाजार व परेड क्षेत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधन दिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि सन 1857 में आजादी की पहली लड़ाई के शहीदों को समर्पित शहीद स्मारक बनाने के लिए उन्होंने बीस वर्ष तक लंबी लड़ाई लड़ी और सरकार आते ही अंबाला में शहीद स्मारक बनाने का कार्य प्रारंभ करवाया। वर्तमान सरकार ने 500 करोड़ रुपए की लागत से शहीद स्मारक प्रोजेक्ट मंजूर करवाया। विज आज अंबाला के तोपखाना बाजार व परेड क्षेत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा रही है, पेंशन लगवा रही है, उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर दिलवा रही है व व अन्य कार्य कर रही है जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं, उनका लाभ लोगों को पारदर्शी तरीके से प्रदान किया जा रहा है।

**श्रीराम मंदिर का सपना पूरा हो गया: विज**

**गृहमंत्री** ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया जा रहा है और 22 जनवरी को वहां पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे भारत के लोग भगवान श्रीराम में आस्था रखते है। मोदी जी के नेतृत्व में कश्मीर में अमन-शांति है और जी-20 का सफलतापूर्वक आयोजन होना, इस बात को दर्शाता है कि मोदी जो कहते हैं वो पूरा करते हैं।

## नागरिक केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं : सोम प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण (शहरी क्षेत्र) के तहत स्थानीय पंचायत भवन फतेहाबाद में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल व विधायक दुड़ाराम ने की। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया और पूर्ण जानकारी प्राप्त की और स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर अपने स्वास्थ्य की भी जांच करवाई। उन्होंने कहा कि देश की एकता को सुदृढ़ बनाए रखे और सभी नागरिक अपना पूर्ण योगदान दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश को अर्थ व्यवस्था के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर लाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रयान की लॉन्चिंग कर विश्व का चौथा देश बना है। केंद्र सरकार द्वारा पांच वर्ष के लिए 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही है उनका पूरा पूरा लाभ उठाए।

**जनसंवाद**

**दूसरे चरण के तहत पंचायत फतेहाबाद के पंचायत भवन में जनसंवाद किया गया कार्यक्रम आयोजित**

## बंताराम सहित कांग्रेस, आप व जेजेपी के नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा से जुड़ने के लिए विपक्षी पार्टियों के नेताओं में होड़ सी लग गई है। शुक्रवार को पंचकूला में रादौर से दो बार विधायक रह चुके आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बंताराम बाल्मीकि सहित कांग्रेस, इनेलो, जजपा से जुड़े 100 से अधिक नेताओं ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी कार्यालय पंचकमल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने इन सभी को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में ज्वाइन करवाया।

## 'सम्पतियों का स्वप्रमाणीकरण 25 तक करना सुनिश्चित करें'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, डॉ० कमल गुप्ता ने जिला नगर आयुक्तों, नगर निगम आयुक्तों, व स्थानीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों को साफ-सुथरा बनाने का लक्ष्य हासिल करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है। इसके तहत हमें योजनाएं बनाकर स्वच्छ भारत तथा ठोस व तरल कचरे के निष्पादन पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। डॉ० कमल गुप्ता आज यहां चंडीगढ़ में जिला नगर आयुक्तों, नगर निगम आयुक्तों, व शहरी स्थानीय विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी किसी भी कार्य को करने के लिए हर स्तर पर जिम्मेवारी निर्धारित करें ताकि समयानुसार कार्य पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि आम जनता के लिए को जन सुविधाएं प्रदान करना हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि दायित्व भी है। डॉ० कमल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी स्थानीय निकायों की अपनी सम्पतियों का स्वप्रमाणीकरण 25 जनवरी, 2024 तक करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार, अधिकारी राज्य सरकार व स्वायत्त निकायों की स्वप्रमाणीकरण की प्रक्रिया को 31 जनवरी, 2024 तक पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगर परिषदों व नगर पालिकाओं में सम्पति के स्वप्रमाणीकरण का कार्य संतोषजनक नहीं है।

**निर्देश**

**स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों को साफ-सुथरा बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी**

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों में दिखाई दिया जोश'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान से लोगों में पूरा जोश दिखाई दिया है। देश व प्रदेश का वो क्षेत्र, जहां पिछली कोई सरकार नहीं पंहुच पाई, उस क्षेत्र में केंद्र व प्रदेश सरकार की बनाई गई जन कल्याणकारी योजनाएं पंहुच कर उनका विकास कर रही है। राज्य मंत्री कमलेश ढांडा शुक्रवार को जिला कैथल के गांव पिंजूपुरा और रामगढ़ पांडवा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में



बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने उपरांत लोगों को संबोधित कर रही थी। राज्यमंत्री ने गांव रामगढ़ पांडवा में विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। इससे पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण भी किया। मौके पर ही पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया। उन्होंने लोगों को 2047 तक भारत को विकसित बनाने में अपना अहम योगदान देने के लिए शपथ भी दिलाई। राज्य मंत्री ने कहा कि किसी क्षेत्र का विकास तभी संभव है, जब उसके लोगों को योजनाओं का लाभ संपूर्ण तरीके से मिल रहा हो। यह केवल नाम मात्र भाषण नहीं, अपितु लोग स्वयं अपने मुख से उनको मिल रहे लाभ का बखान कर रहे हैं।

पहले के समय में सरकारी योजनाओं का लाभ लेना तो दूर, वे केवल कागजों तक सिमट कर रह गई थी, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लोगों को पोर्टल के माध्यम से लोगों को ऐसी सुविधाएं दी हैं, जिनके लिए उन्हें कहीं भी जाने की जरुरत नहीं है। पात्रता पूरी होते ही लाभार्थी को स्वयं उस योजना का लाभ मिल जाता है। सरकार का दायित्व समाज के हर वर्ग का कल्याण करना है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इसके दौरान सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में मतदान जैसा कुछ नहीं, वोट अवश्य डालेंगे हम की थीम के साथ वाद-विवाद, चर्चा और ड्राइंग, स्किट, गीत, पेंटिंग, निबंध आदि सहित) जैसी प्रतियोगिताओं का संचालन करवाया जाएगा। मुख्य सचिव संजीव कौशल द्वारा सभी विभागों के सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रबंध निदेशकों, उपायुक्तों और सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा रजिस्ट्रार को लिखे एक परिपत्र में निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ, हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे भी दिलवाएं। उन्होंने बताया कि भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा अपने स्थापना दिवस को राष्ट्रीय मतदाता घोषित किया गया है। यह दिन हर साल 25 जनवरी को मतदान केंद्र के स्तर से लेकर ब्लॉक, विधानसभा क्षेत्र, जिला और राज्य स्तर तक पूरे देश में मनाया जाता है।

इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में मतदाता के रूप में शामिल करवाने के लिए जनसाधारण के बीच जागरूकता फैलाना है। साथ ही, इसका उद्देश्य विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों के सहयोग से स्कूली और कॉलेज छात्रों द्वारा खंड, जिला और राज्य स्तर पर रंगोली बनाने, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिताओं, रैलियां, परेड टुकड़ियां, नुक्कड़ नाटक आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देना भी है।

**जागरूक**

**मतदान जैसा कुछ नहीं, वोट अवश्य डालेंगे हम की थीम के साथ वाद-विवाद, चर्चा और ड्राइंग का आयोजन होगा**

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास पहुंचा गांव-गांव: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ झज्जर**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास गांव गांव पहुंच चुका है। देशभर में दीपावली के पावन पर्व की तर्ज पर 22 जनवरी को उत्सव की तरह मनाने के लिए घर, गली मोहल्ला, गांव, वार्ड, मंदिर व तीर्थ स्थलों पर विशेष तैयारियां चल रही हैं। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनाने की लड़ाई 1528 से शुरू हुई थी और 500 वर्ष बाद 2024 में गौरवशाली पल आए हैं। गौरवशाली पलों की साक्षी यह पीढ़ी बनने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके के सुबाना मंडल के गांव हसनपुर में स्थित दादा लड्डू वाले मंदिर में आयोजित स्वच्छ तीर्थ



अभियान में भागीदारी करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा उपरांत भगवान श्री राम के दर्शनों के लिए व्यवस्था की जाएगी।

भाजपा राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस की नीयत साफ होती तो अयोध्या में राम जन्म भूमि पर श्री राम, काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण के भव्य मंदिर देश को आजादी मिलते ही बन जाते। आजादी के बाद उप प्रधानमंत्री सरदार पटेल के प्रयासों से सोमनाथ के मंदिर को भव्य रूप दिया गया। तत्कालीन कांग्रेसी प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को सोमनाथ मंदिर में न जाने की सलाह दी थी। लेकिन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद गए और सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के समय कांग्रेस ने शहीद भगत सिंह का पैतृक गांव बंगा पाकिस्तान को दे दिया, गुरू नानक देव का जन्म स्थान ननकाना साहिब पाकिस्तान को दे दिया। भगवान श्रीराम को कोर्ट में हलफनामा देकर मिथक बता दिया। राम जन्म भूमि कोर्ट केस में कांग्रेस ने 21 -21 वकील विरोध में उतार दिए। आज ये कांग्रेसी प्राण प्रतिष्ठा पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ कांग्रेसी सरयू नदी में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। अब ये डर गए हैं। भगवान श्रीराम कांग्रेसियों की आस्था के केंद्र में नहीं है। धनखड़ ने एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार की सूची बहुत लंबी है। उनकी एक बड़ी नेता ने मंच से ही स्वयं के और कांग्रेस के घोटालों की सूची पढ़ना शुरू कर दी थी। रैली में लोग हंसे तो एकाएक सूची बदली गई। टीवी पर देश ने देखा। धनखड़ ने कहा कि पिछले पौने दस सालों में भाजपा ने देश को बदला है।

**रामधुन**

**हसनपुर में स्वच्छ तीर्थ अभियान में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़**

## न्यूज फ्लैश

### छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया गया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** डीएसपी महिला सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन में महिला निरीक्षक राजेश लता, महिला एसआई बबीता और टीम द्वारा शहर में अलग-अलग जगहों पर महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है। महिला निरीक्षक राजेश लता ने आईटीआई में जाकर छात्राओं को महिला के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को पोक्सो एक्ट, भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 509 के बारे भी समझाया। सभी छात्राओं को विश्वास में लेकर उनकी समस्याएं जो कि उनको गांव से कॉलेज में बस में आते-जाते समय होती हैं, को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। पुलिस टीम द्वारा छात्राओं को किसी भी समय तुरंत पुलिस सहायता के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डॉयल 112 के बारे भी जागरूक किया गया। सभी छात्राओं को यह भी बताया गया कि स्कूल, कॉलेज के बाहर और शहर में दुर्गा शक्ति पुलिस की टीमें तैनात रहती हैं। किसी प्रकार की समस्या होने पर आप तुरंत उनसे सहायता प्राप्त कर सकती हैं। छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप अपने मोबाइल में इंस्टाल करने बारे भी जागरूक किया गया, ताकि एक क्लिक से वे किसी भी समय तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सकें।

### चोरी करने वाले दो अपचारी बालक सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** थाना सदर और बर्गलरी स्टाफ की टीम द्वारा चोरी के अलग-अलग मामलों में दो अपचारी बालकों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान और 1500 रुपए की राशि बरामद की गई है। थाना सदर की टीम द्वारा आरोपी उज्जवल उर्फ काकू पुत्र स्व नरेश कुमार और योगेश उर्फ लक्की पुत्र ओमपाल वासियान बसंत विहार करनाल को शिकायतकर्ता नरेश वासी महमूदपुर की अल्फा सिटी के पास स्थित दुकान से नगद रुपए चोरी करने के जुर्म में गिरफ्तार कर पंद्रह सौ रुपए बरामद किए गए। इस मामले में चोरी के तहत थाना सदर में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। दूसरी ओर बर्गलरी स्टाफ की टीम द्वारा शिकायतकर्ता पंसुल गिरधर वासी दयाल सिंह कॉलोनी के कुंजपुरा रोड करनाल पर स्थित गोदाम से रुपए गिनने की मशीन, कस्सी, बैटरी, इनवर्टर आदि सामान चोरी करने वाले दो नाबालिग आरोपियों को काबू कर उनसे चुराया गया सामान बरामद किया गया। पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों ने पहले भी दो चोरी की हैं। आरोपी खर्चे पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई गई।

### मिशन कर्मयोगी अभियान के तहत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को दिया कर्मयोगी प्रशिक्षण

समालखा/( कुलदीप सिंह )
हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के आत्मबल को जागृत कर अपनी नौकरी के प्रति कर्तव्य निष्ठा का बौद्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "मिशन कर्मयोगी" अभियान के तहत समालखा में स्थित लड़कियों की आईटीआई में कर्मयोगी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शुक्रवार को सिंचाई विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के 29 कर्मचारियों को जिला पंचायत विभाग के लीगल आफिसर राजेश दुग्गल व मतलौडा के एसईपीओ नवीन कुमार ने कर्मयोगी बनाने का प्रशिक्षण दिया। जिला लीगल आफिसर राजेश दुग्गल ने बताया कि विगत 15 जनवरी 27 जनवरी तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में रोजाना 30 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाता है।

# प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं पूरी दुनिया सुनती है : हरविंद्र कल्याण

## प्रधानमंत्री बनने के बाद घोटालों पर रोक लगी है और पूरे देश में विकास की गति तेज हुई है



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** घरौंडा हलका के भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कुछ कहते हैं उसे पूरी दुनिया न केवल सुनती है, बल्कि उस पर अमल भी करती है। मोदी ने विदेशों में भारत के गौरव को बढ़ाया है। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद घोटालों पर रोक लगी है और पूरे देश में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने हर वर्ग के कल्याण के लिए न केवल योजनाएं बनाई बल्कि उन्हें धरातल पर भी पहुंचाया। एक समय था जब सत्तासीन नेताओं में पैसा कमाने की होड़ लगी रहती थी, लेकिन आज देश व समाज सेवा का कम्पीटीशन जारी है। भरतपुर में सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार और मिर्गाहन में कृष्ण लाल ने विधायक का स्वागत किया। दोनों गांवों में विधायक ने विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। दोनों गांवों में विधायक ने खुद भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक कलाकार विजेंद्र नरवाल ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये। दोनों गांवों में पिछले 9 साल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि एक समय था, जब विदेशी भारत को सपेरे का देश का कर खिल्ली उड़ाते थे लेकिन जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है। श्री मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर ऐतिहासिक निर्णय लिया। अब वहां के गरीबों को केंद्र की योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ने आयुर्वेद और योग को बढ़ावा दिया है। प्राचीन संस्कृति को उभारा है। विदेशों में भी गीता जयंती के आयोजन होने लगे हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान पर मोटे अनाज का उपयोग भी बढ़ा है। भारत आज आर्थिक रूप से भी मजबूत हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भी भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का है। यह कार्य तभी संभव होगा जब हर व्यक्ति दायित्व का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेगा।

# एडीसी ने किया धर्म अस्पताल, नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण कमेटी के सदस्य उप-सिविल सर्जन डॉ. सिम्मी कपूर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड, मनोचिकित्सक डा.मनन गुप्ता, द्वारा धर्म अस्पताल, नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा द्वारा धर्म अस्पताल, नशा मुक्ति केन्द्र, करनाल में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जांच की गई। स्टॉक रजिस्टर में दवाईयों के लेन-देन व ओपीडी रजिस्टर की जाँच की गई, जो कि दुरूस्त पाया गया। वहां पर उपस्थित स्टाफ को निर्देश दिए गए कि मरीजों का वाईटल्स चैक कर इन्द्राज करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त मरीजों को दाखिल करके उन्हें पोष्टिक खाना, मनोंरजन गतिविधियां व पुनर्वास सुविधाएं देने के निर्देश दिए।

# जिला टास्क फोर्स कमेटी की मीटिंग का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अभियान के अंतर्गत जिला टास्क फोर्स कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत करनाल जिले के गांव में कम लिंगानुपात को बढ़ाने हेतु कमेटी द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय, निर्देश तथा सुझाव दिए गए, ताकि कम लिंगानुपात को बढ़ाया जा सके। कमेटी द्वारा लिंगानुपात जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण ठोस कदम अमल में लाने हेतु सुझाव दिया गया। कम लिंगानुपात को बढ़ाने हेतु धार्मिक स्थल, आध्यात्मिक स्थल तथा उत्कृष्ट महिलाएं एवं खेल शिक्षा स्वास्थ्य विभाग, उद्यमी महिलाएं सरपंच, जिला परिषद, पुलिस विभाग, खण्ड विकास व पंचायत अधिकारी इत्यादि के सहयोग से वर्कशॉप तथा जागरूक शिविर लगाए जा सकें, ताकि कम लिंगानुपात को बढ़ाया जा सके। कमेटी के अंतर्गत खण्ड विकास व पंचायत अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी सीडीपीओ, डीसीपीओ संरक्षण अधिकारी, संस्थागत शिक्षा विभाग व पुलिस विभाग इत्यादि द्वारा भाग लिया गया।

### 5 लाख की ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, आइपीएस के निदेर्शानुसार कार्रवाई करते हुए थाना शहर हिसार पुलिस ने क्विक मनी सॉफ्टवेयर के जरिए पैसे डबल करने के नाम पर 5 लाख रुपए ठगी मामले में आरोपी फ्रांसी हिसार निवासी सुधीर कुमार को गिरफ्तार किया गया है ।

जांच अधिकारी एएसआई जय सिंह ने बताया कि गांव कनोह निवासी पूजा ने पुलिस को आरोपी सुधीर द्वारा उसके साथ पैसे डबल करने के नाम पर 5 लाख रुपए की ठगी करने के बारे में शिकायत दी थी। शिकायत में उसने बताया कि वह जनवरी 2022 में सेक्टर 16/17 हिसार में किराए पर रहती थी। वही आरोपी सुधीर भी रहता था। आरोपी सुधीर ने पीड़िता को बताया कि उसने क्विक मनी के नाम से एक सॉफ्टवेयर बना रखा है।

# महिलाओं के खेल उत्सव का हुआ आयोजन

## विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला करनाल में सात ब्लॉकों से विजयी हुई महिलाओं ने जिला स्तर पर आयोजित वार्षिक खेल उत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खूब दमखम दिखाया। खेल प्रतियोगिता का आयोजन शाखा ग्राउंड करनाल में हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास डा. राजबाला मोर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और हरी झंडी देकर खेल प्रतियोगिताएं शुरू की गई व महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। महिला एवं बाल विकास की ओर से महिलाओं की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमे महिलाओं ने 400 मीटर दौड, 300 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड, मटका रेस, आलू रेस व साइकिल रेस प्रतियोगिता में लगभग 130 महिलाओं द्वारा भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को मुख्यातिथि की ओर से सम्मानित किया गया तथा महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। जिला कायक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास राजबाला मोर द्वारा खिलाडियों को खेलों के लिए सही प्रैक्टिस, आहार और दिनचर्या का पालन करने, खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने और मेहनत के साथ अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सभी महिलाओं को खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने कहा खेलों में महिलाएं अच्छा प्रदर्शन कर रही और देश का नाम शिखर पर जा रहा है। खेलों में भाग लेने से उत्साह और मनोबल बढ़ता है।

# नगर निगम क्षेत्र के धोलगढ़ व बुढ़ाखेड़ा गांव में पंहुची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## गरीबों के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू कर केन्द्र व प्रदेश सरकार ने किया बेमिसाल काम : रामकुमार कश्यप



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 20 के धोलगढ़ व वार्ड नम्बर 2 के बुढ़ाखेड़ा गांव में पंहुची। इस दौरान दोनों कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि इन्द्री से विधायक रामकुमार कश्यप व विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर रेनूबाला गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम में विधायक रामकुमार कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार ने देश व प्रदेश में गरीबों की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं आरंभ कर बेमिसाल काम किया है। उन्होंने कहा कि देशभर में गरीब परिवारों के सदस्यों को हर महीनें पांच किलों फ्री अनाज और इतना ही नहीं हरियाणा प्रदेश में तो दो किलों सरसों का तेल व एक किलों फ्री चीनी भी दी जा रही है। इस सुविधा का फायदा देशभर के 80 करोड़ नागरिक जिनमें हरियाणा के 32 लाख नागरिक ले रहे है। इसी कड़ी में केन्द्र सरकार द्वारा गरीब महिलाओं के लिए उज्वला योजना शुरू की गई, जो बहुत ही कारगर साबित हुई है। इस योजना के तहत देशभर की 10 करोड़ गरीब महिलाओं को फ्री गैस चुल्हा, सिलेंडर तथा रेगुलेटर मिला है। जिनमें से 7 लाख 67 हजार महिलाओं को हमारे हरियाणा प्रदेश में भी लाभ मिला है।

**लाभार्थी**

**गरीब महिलाओं के लिए उज्वला योजना शुरू की गई, जो बहुत ही कारगर साबित हुई है**

उन्होंने कहा कि अब गरीब परिवारों की बीमारी के दौरान ईलाज करवाने की चिंता भी खत्म हो गई है। आयुष्मान कार्ड के तहत पांच लाख तक का फ्री ईलाज सरकार द्वारा सभी अस्पतालों में करवाया जाता है। केन्द्र की सरकार ने हर घर को नल के माध्यम से शुद्ध जल देने का काम किया है। डेरों व खेतों में रहने वाले लोगों के लिए भी सरकार पब्लिक हेल्थ विभाग के माध्यम से जल्द ही शुद्ध जल पहुंचाने का काम करेगी।
उन्होंने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों की चिंता करते हुए खेतों की बिजली का समय बदल कर दिन का कर दिया है ताकि किसी भी किसान को फसल में पानी देने के लिए रात के समय में खेत में ना जाना पड़े।

### 11 किलोग्राम चूरा पोस्त सहित दो आरोपी काबू



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** स्पेशल स्टाफ असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी हरप्रीत सिंह उर्फ सोनी पुत्र जोगा सिंह वासी सदो माजरा, सरहिंद पंजाब और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र रंजीत सिंह वासी नचीतर टीचर कॉलोनी नजदीक भुना चौंक मोगा पंजाब को उचाना करनाल से ट्रक के साथ जाते हुए काबू किया गया। आरोपियों के कब्जे से ट्रक से सफेद रंग के कट्टे में 11 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपी ट्रक चलाते हैं और यह चूरा पोस्त बिहार झारखंड बॉर्डर से लेकर आए थे। जिसका यह सेवन भी करते हैं और चलते फिरते नशा करने वालों को भी बेचते है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर सात दिन का रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिस व्यक्ति से चूरा पोस्त खरीद कर लाई गई है।

# राजपूत सभा की बैठक का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के बलिदान दिवस पर राजपूत सभा करनाल की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महायोद्धा, हिंदुवा सूरज, मेवाड़ रत्न, अद्भुत पराक्रमी महाराणा प्रताप जी को नमन किया गया व उनके चरणों में भावभीनी श्रद्धांजलि एवं पुष्पाजलि अर्पित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष डॉक्टर एनपी सिंह ने की। प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह तथा सभी वक्ताओं ने महाराणा प्रताप जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके जीवन की विशेषताओं को अपने जीवन व चरित्र में आत्मसात करने का निवेदन किया। वक्ताओं ने बताया कि महाराणा प्रताप जी ने स्वार्थ की अपेक्षा हमेशा परमार्थ को महत्व दिया।

उन्होंने भौतिक सुख साधन, जमीन जायदाद, राजमहल व भोग विलास की सभी वस्तुओं को ठुकरा कर कष्टपूर्ण तथा संघर्षों से भरा जीवन व्यतीत किया। वे अपने देश, धर्म, मातृभूमि एवं स्त्रियों के नारी जाति के मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा के लिए जीवनभर मुगल सल्तनत से संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप जी के शासन में न्याय व्यवस्था, विदेश नीति, धर्म परायणता धर्म निरपेक्षता सभी उच्च कोटि की थी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह समारोह का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। नेहरू** युवा केंद्र (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह समारोह पर जागरूकता दिवस समापन समारोह का आयोजन बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग के निदेर्शानुसार राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी द्वारा किया गया।
समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गुरमीत रमन, सुशील और विकास ने शिरकत की। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में करनाल के हर ब्लॉक से युवा क्लबों के सदस्यों ने हिस्सा लिया।
राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी ने युवाओं को एचआईवी एड्स के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि एड्स की सर्वप्रथम पहचान संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में वर्ष 1981 में की गई थी। एचआईवी/एड्स पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम (यूएनएड्स) के अनुमान यह दिखाते हैं कि पूरा विश्व एचआईवी संक्रमण को फैलने से रोकने का प्रयास कर रहा है, ताकि इस महामारी को जड़ से मिटाया जा सके। विगत दस वर्षों में इस दिशा में सराहनीय प्रयास किये गए हैं, फिर भी आज हमारे सामने यह एक विकट समस्या है। एचआईवी संक्रमण असुरक्षित यौन सम्बन्धों से, संक्रमित हुई सुई- सिरिंज के प्रयोग से एवं संक्रमित रक्त से फैलता है। एच.आई.वी. संक्रमित गर्भवती महिला से होने वाले नवजात शिशु को भी एच.आई.वी. संक्रमित होने का खतरा रहता है।

# सोनू हत्याकांड मामला : दो हफ्ते बाद पिता के ऑटो में लगाई आग

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
करनाल की उत्तम नगर कॉलोनी में सोनू हत्याकांड की गुत्थी तो सुलझ गई, लेकिन परिवार पर खतरा कम नहीं हुआ है। बीती रात एक बजे अज्ञात व्यक्ति ने सोनू के पिता के ऑटो को आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सोनू के परिजनों के बयान दर्ज करने के साथ-साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, ताकि आरोपियों का सुराग लग सके।
दूसरी तरफ सोनू का परिवार सहमा हुआ है। पुलिस की कार्रवाई पर संतुष्ट नहीं है। पुलिस ने हत्या के आरोपियों को तो पकड़ा, लेकिन न तो फोन पर धमकी देने वाला पकड़ा गया है और न ही फिरौती देने वाला। परिजनों ने कहा कि जब तक अन्य आरोपी भी पकड़ में नहीं आते, तब तक उनकी जान को खतरा है।
सोनू हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपियों में कैमला निवासी मोहित उर्फ कट्टर था, जो मौजूदा समय में करनाल के विकास नगर में रहता था। बालू गांव का गौरव कुमार व प्रिंस भी हत्याकांड में शामिल था। वहीं फूसगढ़ निवासी शुभम कुमार तथा करनाल के उत्तम नगर का सागर कुमार व अमित वारदात में शामिल थे। मर्डर के बाद इन आरोपियों की मदद एसपी कॉलोनी के सोहिल व दुर्गा कॉलोनी के रमन उर्फ बैटरी ने की थी, जिनको दशहरा ग्राउंड सेक्टर-4 करनाल से अरेस्ट किया गया था। आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई कार और एक मोबाइल फोन को बरामद किया गया



था।
पुलिस ने हत्याकांड में ऑडियो रिकॉर्डिंग का केस से कोई भी ताल्लुक नहीं बताया था। पुलिस ने हत्याकांड के पीछे जो कारण स्पष्ट किए हैं, वह परिजनों के गले नहीं उतर रहे थे। दूसरा 15 दिन पहले जिस व्यक्ति ने सोनू को करनाल

**हत्याकांड**

**पुलिस कह रही है कि फोन कॉल पर धमकी वाले मामले का मर्डर से कोई भी कनेक्शन नहीं था**

छोडकर जाने के लिए धमकी दी थी, वह कौन था और किस की शह पर उसने धमकी दी थी। ऑडियो रिकॉर्डिंग में जिस सरदार का जिक्र हुआ, वह कौन था? यह अभी तक रहस्य बना हुआ है।
हत्याकांड से 15 दिन पहले फोन पर धमकी मिली थी, जिसमें सोनू के साथ एक व्यक्ति की बात हो रही थी। अज्ञात शख्स ने उसे धमकी दी थी कि तूने कोई ऐसी गलती की है, जिसकी वजह से सरदार तुझे खत्म करने के लिए तीन लाख की मोटी रकम देने के लिए तैयार है। यदि तू करनाल छोडकर चला जाता है तो मैं तुझे कुछ नहीं होने दूंगा।
इस बात को सोनू ने मान भी लिया था, लेकिन उसके बावजूद सोनू की हत्या हो गई। सभी यही सोच रहे थे कि कॉल पर धमकी देने वाले युवक ने ही हत्याकांड को अंजाम दिया है, लेकिन उसके बाद जब पुलिस की जांच सामने आई तो सभी स्तब्ध हो चुके थे। पुलिस कह रही है कि फोन कॉल पर धमकी वाले मामले का मर्डर से कोई भी कनेक्शन नहीं था।
पुलिस की यह जांच रिपोर्ट मृतक के परिजनों के मन में भी कोतूहल बनी हुई है।

# चोरी की वारदात: दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला पुलिस के बर्गलरी स्टाफ की टीम द्वारा रात को दुकान का ताला तोडकर सात लाख रुपए नगद चोरी करने वाले मामले में विश्वसनीय सूचना पर आरोपी विशाल पुत्र बग्गी उर्फ बन्नी और रजत पुत्र जज्जा वासियान डेहा बस्ती मंगल कॉलोनी करनाल को ब्रह्मानंद चौक करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख 7 हजार की राशि बरामद कर ली गई है। आरोपियों से पूछताछ में पाया गया कि उन दोनों ने मिलकर थाना शहर करनाल के एरिया गौशाला रोड पर स्थित नागपाल ट्रेडिंग कंपनी की दुकान से 28 अक्टूबर 2023 की रात को ताला तोडकर सात लाख रुपएचोरी कर वारदात को अंजाम



दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना शहर में आईपीसी की धारा 380, 457 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।
पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर राशि बरामदगी के लिए रिमांड हासिल किया। रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से 5 लाख 7 हजार रुपए बरामद किए गए। ८

# संपादकीय

## अब होगा प्राचीन भारतीय विज्ञान का पुनरुत्थान

**अयोध्याधाम** में श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ राम की पुरातन एवं सनातन ऐतिहासिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की स्थापना भी हो जाएगी। अब विभिन्न रामायणों में दर्ज उस विज्ञान को भी मान्यता देने की जरूरत है, जिन्हें वामपंथी पूर्वाग्रहों के चलते वैज्ञानिक एवं बुद्धिजीवी न केवल नकारते रहे हैं, बल्कि इनकी ऐतिहासिकता को भी कपोल-कल्पित कहकर उपहास उड़ाते रहे हैं। अतैव यह समय प्राचीन भारतीय विज्ञान के पुनरुत्थान का भी काल है, क्योंकि रामायण और महाभारत कथाएं नाना लोक स्मृतियों और विविध आयामों में प्रचलित बनी रहकर वर्तमान हैं। इनका विस्तार भी सार्वभौमिक है। देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। शायद इसीलिए भवभूति और कालिदास ने रामायण को इतिहास बताया। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में इतिहास को पुरावृत्त कहा गया है। गोया, कालिदास के रघुवंश में विश्वामित्र राम को पुरावृत्त सुनाते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने रामायण को महाकाव्यात्मक इतिहास की श्रेणी में रखा है। जबकि इन ग्रंथों में विज्ञानसम्मत अनेक ऐसे सूत्र मौजूद हैं, जिनके जरिए नए आविष्कार की दिशा में बढ़ा जा सकता है। विज्ञानसम्मत अंशों को संकलित कर पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। ऐसा करने से मेधावी छात्रों में विज्ञानसम्मत महात्वाकांक्षा जागेगी और भारतीय जीवन-मूल्यों के इन आधार ग्रंथों से मिथकीय आध्यात्मिकता की धूल झाड़ने का काम भी संपन्न होगा। वैसे भी ज्यादातर रामायणों में उल्लेख है की भगवान राम लंका विजय के बाद माता सीता, भाई लक्ष्मण, हनुमान और सुग्रीव के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचे थे।

इतिहास तथ्य और घटनाओं के साथ मानव की विकास यात्रा की खोज भी है। यह तय है कि मानव, अपने विकास के अनुक्रम में ही वैज्ञानिक अनुसंधानों से सायास-अनायास जुड़ता रहा है। ये वैज्ञानिक उपलब्धियां या आविष्कार रामायण, महाभारतकाल मे उसी तरह चरमोत्कर्ष पर थे, जिस तरह ऋग्वेद के लेखन-संपादन काल के समय संस्कृत भाषायी विकास के शिखर पर थी। रामायण का शब्दार्थ भी राम का अयण अर्थात भ्रमण से है। तीन सौ रामायण और अनेक रामायण विषयक संदर्भ गंथ, जिनके प्रभाव को नकारने के लिए पाउला रिचमैन ने 1942 में मैनी रामायणस द डाइवर्सिटी ऑफ ए नैरेटिव ट्रेडिशन इन साउथ एशिया लिखी और एके रामानुजन ने थ्री हंड्रेड रामायण फाइव एग्जांपल एंड थ्री थॉट्स आन ट्रांसलेशन निबंध लिख कर अनर्गल अंशों को गढ़कर सच्चाई को झुठलाया। जबकि इन्हीं रामायणों, रामायण विषयक संदर्भ ग्रंथों और मदन मोहन शर्मा शाही के बृहद् उपन्यास से विज्ञानसम्मत आविष्कारों की पड़ताल की जा सकती है। रामायण एकांगी दृष्टिकोण का वृतांत भर नहीं है। इसमें कौटुम्बिक सांसारिकता है। राज-समाज संचालन के कूट-मंत्र हैं। भूगोल है। वनस्पति और जीव जगत हैं। राष्ट्रीयता है। राष्ट्र के प्रति उत्सर्ग का चरम है। अस्त्र-शस्त्र हैं। यौद्धिक कौशल के गुण हैं। भौतिकवाद है। कणाद का परमाणुवाद है। सांख्य दर्शन और योग के सूत्र हैं। वेदांत दर्शन है और अनेक वैज्ञानिक उपलब्धियां हैं। गांधी का राम-राज्य और पं. दीनदयाल उपाध्याय के आध्यात्मिक भौतिकवाद के उत्स इन्हीं रामायणों में हैं। वास्तव में रामायण और उसके परवर्ती ग्रंथ कवि या लेखक की कपोल-कल्पना न होकर तात्कालिक ज्ञान के विश्व कोश हैं।

# मायावती के फैसले से उपजे सवाल

रोहित माहेश्वरी

> “यह मत-प्रतिशत इंडिया के साझा उम्मीदवार के पक्ष में जा सकता था, यदि बसपा का सपा-कांग्रेस के साथ गठबंधन होता! मायावती ने यह भी बयान दिया है कि चुनाव के बाद किसी भी गठबंधन पर विचार किया जा सकता है। अर्थात वह भाजपा-एनडीए को भी समर्थन दे सकती हैं। बशर्ते गठबंधन बसपा और दलितों के पक्ष में हो। यकीनन मायावती का अपना जनाधार आज भी है, हालांकि दलित वोट बैंक भाजपा की तरफ भी गया है। यदि मायावती निष्क्रिय रहतीं, तो उनका परंपरागत वोट बैंक, जो उनकी ठोस संपदा है, भी भाजपा या कांग्रेस की ओर जा सकता था। लिहाजा एकला चुनाव बसपा के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण है। मायावती एक-एक सीट जीतने की भरपूर कोशिश कर सकती हैं, ताकि उनकी सौदेबाजी की ताकत बरकरार रहे।”

**बसपा** लोकसभा का चुनाव अकेले ही लड़ेगी। अपने 68वें जन्मदिन पर मायावती ने यह घोषणा की, लेकिन यह चौंकाने वाली खबर नहीं है। कांग्रेस की इच्छा जरूर थी कि बसपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा बने, लेकिन प्रयास अनमने से थे, क्योंकि समाजवादी पार्टी का दबाव और धमकी थी कि बसपा को शामिल किया गया, तो वह इंडिया से अलग हो जाएगी। सपा सबसे बड़े राज्य उप्र में प्रमुख विपक्षी दल है और अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष हैं। हालांकि उप्र विधानसभा में बसपा का एक ही विधायक है, लेकिन लोकसभा में 10 सांसद हैं। मायावती काफी समय से कह रही हैं कि वे अकेले लड़ेंगी क्योंकि गठबंधन का फायदा कम और नुकसान ज्यादा होता है। हालांकि उनकी यह बात तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। फिर भी उनके अकेले लड़ने की घोषणा से बसपा के सांसद दूसरी पार्टियों में अपनी जगह देखने लगे हैं। उनको पता है कि अकेले लड़ने पर फिर बसपा का कोई उम्मीदवार नहीं जीतेगा। बसपा 2014 में अकेले लड़ी थी। तब वह बड़ी पार्टी थी और उत्तर प्रदेश की सत्ता से हटे उसे सिर्फ दो साल हुए थे। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले हुए विधानसभा चुनाव में उनको 26 फीसदी वोट और 80 सीटें मिली थीं। इसलिए 2014 का चुनाव उन्होंने पूरी ताकत से लड़ा था। उनकी पार्टी को 20 फीसदी वोट मिले लेकिन सीट एक भी नहीं मिली। उसके बाद दो विधानसभा चुनावों में उनका वोट घटते घटते 13 फीसदी पर आ गया है और उनका सिर्फ एक विधायक जीता है। इसलिए इस बार अकेले लड़ने पर बसपा एक भी सीट नहीं जीतेगी और वोट भी बहुत कम मिलेंगे। 2019 में बसपा ने सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। तब उसके खाते में 10 सीटें आई थी। इस आधार पर आकलन करें, तो बसपा किसी भी गठबंधन का हिस्सा रहती है, तो उसे चुनावी फायदा होता है। हाल के दिनों में एनडीए की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाए जा रहे थे। यहां तक कि पिछला लोकसभा चुनाव उन्होंने जिस सपा के साथ लड़ा था, उसके मुखिया को उन्होंने रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं होते।



बहरहाल, मायावती के एकला चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। खासकर दिल्ली की कुर्सी का रास्ता दिखाने वाले उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने के लिये, जहां वंचित समाज में पार्टी की मजबूत पकड़ रही है। जहां तक मायावती के वोट ट्रांसफर न होने वाले आरोप का सवाल है तो अन्य विपक्षी दल इस आरोप से सहमत नहीं हैं। बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेष में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आईं। बहरहाल, कतिपय राजनीतिक पंडित मानकर चल रहे हैं कि बसपा का अलग चुनाव लड़ने का निर्णय भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला है। यह भी राजग की लिखी पटकथा का ही हिस्सा है। यहां तक कि सपा बसपा को भाजपा की बी टीम तक कहा करती थी। विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को सरकारी एजेंसियों के रडार में लाकर दुरूस्वप्न चित्रित किया जाता रहा है। यह भी तय है कि तमाम राजनीतिक दलों का अर्थशास्त्र पाक-साफ तो नहीं ही रहता है। जिसके चलते वे ईडी व अन्य वित्तीय एजेंसियों की संभावित कार्रवाई की आशंका में दबाब में आ जाती हैं। उप्र का चुनाव काफी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि भाजपा-एनडीए ने सभी 80 संसदीय सीटें जीतने का फॉमूर्ला तय किया है। बसपा का कमोबेश 14-15 फीसदी मत प्रतिशत भाजपा-एनडीए की जीत को सुनिश्चित कर सकता है। मायावती ने राजनीति से संन्यास लेने की अफवाहों को भी खंडित किया है, तो खासकर जाटव दलितों और मुस्लिम वोट बैंक में बिखराव की संभावनाएं धूमिल होंगी।

यह मत-प्रतिशत इंडिया के साझा उम्मीदवार के पक्ष में जा सकता था, यदि बसपा का सपा-कांग्रेस के साथ गठबंधन होता! मायावती ने यह भी बयान दिया है कि चुनाव के बाद किसी भी गठबंधन पर विचार किया जा सकता है। अर्थात वह भाजपा-एनडीए को भी समर्थन दे सकती हैं। बशर्ते गठबंधन बसपा और दलितों के पक्ष में हो। यकीनन मायावती का अपना जनाधार आज भी है, हालांकि दलित वोट बैंक भाजपा की तरफ भी गया है। यदि मायावती निष्क्रिय रहतीं, तो उनका परंपरागत वोट बैंक, जो उनकी ठोस संपदा है, भी भाजपा या कांग्रेस की ओर जा सकता था। लिहाजा एकला चुनाव बसपा के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण है। मायावती एक-एक सीट जीतने की भरपूर कोशिश कर सकती हैं, ताकि उनकी सौदेबाजी की ताकत बरकरार रहे। मायावती का यह निर्णय इंडिया के लिए चेतावनी भी है कि यदि इंडिया फैसले लेने में देरी करता रहेगा, तो उसके और भी घटक-दल गठबंधन से बिदक सकते हैं। बहरहाल मायावती ने नई राजनीतिक सक्रियता का आगाज किया है, नतीजतन चुनाव और भी दिलचस्प हो गए हैं। विपक्षी दल बसपा के राजग को परोक्ष रूप से लाभ पहुंचाने की रणनीति को इसी दृष्टि से देखते हैं। यही वजह है कि बसपा ने भी उन तीखे-तल्ख नारों से परहेज किया है जो अकसर वह सवर्णों को लेकर उछालती रही है। अब मनुवाद के नाम पर निशाने पर लेने का क्रम भी टूटा हुआ नजर आता है। कभी बसपा संस्थापक कांशीराम द्वारा बामसेफ व डीएस-4 जैसे संगठनों की स्थापना के बाद इसका राजनीतिक स्वरूप तय करने पर पार्टी के तेवरों में जो आक्रामकता होती थी, वह अब नदारद है। दरअसल, दलित-मुस्लिम गठजोड़ की वैचारिकी पर आधारित यह राजनीतिक दल कालांतर मुस्लिमों का भरोसा भी कायम न रख सका। एक समय पार्टी का उरोज इस कदर था कि 1987 के हरिद्वार लोकसभा उपचुनाव में दिग्गज दलित नेता राम विलास पासवान तक की जमानत जब्त हो गई थी। ये बसपा-सपा गठबंधन की ताकत थी कि 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराये जाने के बाद चली राम लहर में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती का जनाधार अब इतना नहीं रह गया कि पार्टी किंग मेकर की भूमिका निभा सके। उसके परंपरागत जनाधार पर मोदी कैमिस्ट्री ने सेंध लगा दी है। बहरहाल, बसपा का अकेले चुनाव लड़ना भाजपा को रास आएगा क्योंकि इससे विपक्षी गठबंधन का जनाधार खिसकेगा। जिससे भाजपा की जीत की राह आसान हो सकती है। बताया जा रहा है कि बसपा कांग्रेस से पूरे देश में सीट मांग रही हैं।

हालांकि खड़गे को नेता बनाने के बाद मायावती का चेहरा पेश किए जाने की संभावना नहीं है। फिर भी अगर वे गठबंधन में शामिल होती हैं तो उनके साथ साथ विपक्ष को भी फायदा होगा। लेकिन इसके लिए पहले अखिलेश यादव को तैयार करना होगा।

# कविता

## रिश्तो की गर्मी से पिघलता वह

रिश्तो की गर्मी से पूरा का पूरा,
पिघल सा गया था,
उसे वहां बैठना,
अच्छा लग रहा था ना ही बुरा,
पर समझ नहीं पाया था,
बुरा और अच्छे के बीच का एक रास्ता था,
कम अच्छा,ज्यादा बुरा ,
उसका दिमाग कुंद हो गया था ,
उसके विचार गोलाकार सिकुड़ गए थे,
जिसमें तमाम जंतु बिलबिला रहे थे,
फिर विचार
दिमाग में तैरने लगे थे,
इससे पहले कि वह डूबते,
विचारों का आना बंद हो गया
अभी भी उसका पिघलना जारी था
उसे लगा वह पिघलते पिघलते,
फर्श पर रेंगता हुआ कई पायो वाला,
लंबा जंतु बन गया ,
जीसका सिर्फ शरीर ही
चलता
विचार और सोच नहीं,
बड़ी-बड़ी आंखें हो गई थी

संजीव

## हिन्दुत्व की स्थापना और शुक्रिया मोदी भाईजान !

मृत्युंजय दीक्षित

**500 वर्षों के** अथक संघर्ष के पश्चात अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर दिव्य एवं भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही उसके गर्भगृह में प्रभु श्रीरामललाकी प्राण प्रतिष्ठा का शुभ अवसर भी अब आ पहुँचा है। संपूर्ण विश्व में सनातनी आनंद सागर में गोते लगा रहे हैं और 22 जनवरी को भव्य दीपावली मनाने के लिए एकरस हो रहे हैं। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के प्रति उत्साह चरम पर है और बाजारों में उसी प्रकार खरीदारी हो रही है जिस प्रकार पंच दिवसीय पर्व दीपावली पर होती है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अपना 11 दिन का कठिन व्रत, अनुष्ठान प्रारंभ किया है और गीत- संगीत में रुचि रखने वाले कलाकारों को राम भजन गाने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ उनके भजन भी सोशल मीडिया के माध्यम से साझा किए हैं पूरा वातावरण राममय हो गया है। धर्म जाति भाषा से परे रामभक्ति भाव में डूबे कलाकार रामधुन गाकर सामाजिक समरसता का अद्भत वातावरण बना रहे हैं।

श्रीनगर की मुस्लिम बेटी के रामधुन गाने से लेकर तीन तलाक पीड़ित मुस्लिम महिलाओं द्वारा दीवापली मनाने की तैयारियों से देश के छद्म धर्मनिरपेक्ष घबरा गये हैं और विघ्नसंतोषी बनकर अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे है।

अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण से आज भारत के मुस्लिम समाज का एक बड़ा वर्ग भी बहुत खुश है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से एक सर्वे कराया गया है जिसमें दावा किया गया है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह से 74 प्रतिशत मुस्लिम खुश हैं। सथा ही 70 प्रतिशत मुसलमानों को मोदी सरकार पर विश्वास है।वहीं 72 प्रतिशत मुसलमानों ने माना है कि विपक्ष के पास कोई मुददा नहीं है, 70 प्रतिशत मुसलमान मान रहे हैं कि भारत विश्व शक्ति बनकर उभरा है।सर्वे में 74 प्रतिशत मुसलमानों ने ने अपनी राय मंदिर और 72 प्रतिशत मुसलमानों ने मोदी सरकार के पक्ष में अपनी राय दी है। इस सर्वे के लिए एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, हिमांचल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, बेंगलुरू, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बंगाल, बिहार, झारखंड, असम और पूर्वेत्तर के मुसलमानों की राय ली गई है। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व व उनकी विकासपरक गारंटियों के कारण हिंदू व मुस्लिम समाज में सामाजिक समरसता का वातावरण बना है जिसे अब अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा ने शुक्रिया मोदी भाईजान सम्मेलनों की शुरूआत कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी लक्ष्य को साधने के लिए 96 प्रतिशत मुस्लिम बहुल लक्षद्वीप से अपने अभियान का श्रीगणेश कर सभी को चौंका दिया, अब उनका यह अभियान लगातार गति पकड़ कर रहा है।

संपूर्ण भारत ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व को राममय बनाने के बाद भाजपा का यह अभियान प्रारम्भ हुआ है।

# विचार

## राष्ट्र को राजनीति नहीं रामनीति की जरूरत

आशीष वशिष्ठ

श्रीराम केवल एक महापुरुष, केवल एक दैवी शक्ति संपन्न राजा या भगवान नहीं थे। श्रीराम का जीवन और चरित्र भारत राष्ट्र की जीवन चरित्र है। महाकवि कालिदास ने उनके व्यक्तित्व की तुलना हिमालय और सागर के साथ एक साथ करके यह बता दिया है कि राम व्यक्ति नहीं राष्ट्र हैं। भारत और उसकी सनातन परम्परा के लिए राम ही राष्ट्र हैं और राष्ट्र ही राम है। भारत के कण-कण में राम समाविष्ट हैं। भारत के चरित्र ही नहीं भारत के अस्तित्व के आधार राम हैं। श्रीराम का अर्थ है मर्यादा। राम राज्य की स्थापना का अर्थ है मयार्दा की स्थापना। बहुत सोच-समझ कर बनाए गए हमारे संविधान में विविध प्रावधान होने पर भी, पारदेशीय संस्कृति और समाज के प्रभाव के कारण विविध प्रकार की विसंगतियां हमारे समाज में आज भी विद्यमान हैं। कर्त्तव्य विस्मृत करके केवल अधिकार की लड़ाई ने समाज में अविश्वास और घृणा का वातावरण पैदा कर दिया है। श्रीराम की मयार्दा का अर्थ है कर्त्तव्य का सर्वोपरि होना। कर्त्तव्य सर्वोपरि हो तो अधिकार, उत्तरदायित्वपूर्ण अधिकार स्वतः प्राप्त हो जाता है। रामराज्य शासन की आदर्श संकल्पना है। एक ऐसी राज व्यवस्था जहां न कोई दुखी हो और न ही अभावों से ग्रस्त हो। जहां जन-जन भय मुक्त हो और चर्तुदिक शांति हो। जहां का शासन सभी के लिए मंगलकारी हो। राम इसीलिए मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने हर हाल में मयार्दा की रक्षा की और स्थापित किया कि सत्यनिष्ठ, कर्मनिष्ठ और धर्मनिष्ठ आचरण ही मयार्दा है तथा उससे सभी बंधे हैं। वह हर रूप में मयार्दा के प्रतीक हैं।

राम के राज्य में राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए थी। इसमें अधिनायकवाद की छाया मात्र भी नहीं थी। राम का राज्य मानव कल्याण के आदर्शों से युक्त एक ऐसा राज्य था जिसमें निस्वार्थ प्रजा की सेवा निष्पक्ष आदर्श न्याय व्यवस्था सुखी तथा समृद्ध शादी समाज व्यवस्था पाई जाती थी। राम इस सीमा तक लोकतांत्रिक हैं कि एक अवसर पर कहते हैं-यदि अनुमति हो तो कुछ कहूं और यदि मेरे कहे में कुछ अनुचित देखें तो मुझे टोक दें, मैं सुधार कर लूंगा। वह अपने राज्य में रहने वाले किसी भी व्यक्ति की राय के आधार पर फैसला लेने में हिचकते नहीं। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन चरित ऐसी मयार्दाओं, कर्तव्य पालन और सभी के अधिकारों के प्रति सम्मान का पर्याय है। मानव सभ्यता के सम्पूर्ण लिखित-अलिखित इतिहास में श्रीराम जैसा व्यक्तित्व और चरित्र का दूसरा उदाहरण उपलब्ध नहीं है। राम को धर्म का विग्रह कहा गया है, रामो विग्रहवान्‌ धर्मः. एक व्यापक अर्थ में राम का चरित धर्म मार्ग की चुनौतियों और उसके विचलन से उठने की मुश्किलों अर्थात जीवन के आधारों की मयार्दा स्थापित करने की राह में आने वाले प्रश्नों से रूबरू कराता है। गांव का अनपढ़ भी इनसे शिक्षित होता है और एक तरह के विवेक के भाव की अनुभूति करता है। श्रीराम मानव शरीर धारण करने पर जीवन के कठोर सत्य की कसौटी पर वे हमेशा ही कसे जाते हैं। किशोरावस्था से ही उनके सामने जो चुनौतियों की श्रृंखला शुरू होती है उसका जीवन में कभी अंत नहीं हुआ पर सारे कष्टों के बीच वे अविचल भाव से स्थित रहे। विकट परिस्थितियों में भी वे अपने पूरे परिवेश के साथ अनुकूलित रहते थे। उनके लिए आस-पास का कोई भी प्राणी अन्य नहीं रहा, सभी अनन्य हो गए थे। वे गिरिजन, वनचारी और वानर सभी के हित के लिए जुटे रहे। करुणा और पर-दुखकातरता की भावना से ओत-प्रोत श्रीराम ने उन सबसे से प्रेम तथा सौहार्द का रिश्ता बनाया और निभाया। सबको साथ लेकर चलने के मामले में राम अद्वितीय हैं। वनवासियों समेत समाज के सभी वंचित-शोषित वर्गों को आदर देना उनका स्वभाव है। उनमें आत्मविश्वास पैदा कर उनके सहयोग को वह अपनी शक्ति बना लेते हैं। साधारण जन समुदाय में समुद्र पार जाने का साहस जगाकर और परम पराक्रमी रावण की दिग्विजयी सेना को परास्त कर राम ने स्थापित किया कि केवल सैन्य बल शौर्य का परिचायक नहीं होता। वह अपने शौर्य के बल पर हर चुनौती पर विजय पा लेते हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## समग्र राष्ट्रीय शैक्षिक दृष्टिकोण

विजय गर्ग

**भारत की** शिक्षा प्रणाली को विशेष रूप से स्नातकोत्तर शिक्षा में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और नीतियों की सुसंगतता पर सवाल उठते हैं भारत में शिक्षा एक बार फिर अपने विकास के प्रारंभिक चरण से गुजर रही है। 1947 के बाद से, यह परिवर्तन के कई चरणों से गुजरा है और प्रत्येक चरण की अपनी कहानी है। आम तौर पर शिक्षा को तीन चरणों में देखा जाता है: स्कूली शिक्षा, कॉलेज शिक्षा और स्नातकोत्तर शिक्षा। स्कूली शिक्षा को मोटे तौर पर तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, कक्षा 1 से 5, जिसे आम तौर पर प्राथमिक विद्यालय के रूप में जाना जाता है; कक्षा 5-10 मध्य विद्यालय, और कक्षा 10-12, माध्यमिक विद्यालय। ये कठोर स्तर नहीं हैं लेकिन वर्गीकरण और आसान संचार के लिए इनका व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। कॉलेज स्तर की शिक्षा प्रथम वर्ष से तीसरे वर्ष तक होती है, जो स्नातक की डिग्री की ओर ले जाती है और चौथे वर्ष और पांचवें वर्ष की होती है, जो स्नातकोत्तर की डिग्री की ओर ले जाती है। इसके बाद डॉक्टरेट की शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। संस्थानों को इन विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने और उसके लिए एक ब्रांड हासिल करने के लिए जाना जाता है। स्कूली शिक्षा में, कुछ लोग कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की शिक्षा प्रदान करते हैं, और कुछ ऐसे भी हैं जो कक्षा 1 से पहले की शिक्षा भी प्रदान करते हैं जिसे नर्सरी चरण कहा जा सकता है। स्नातकोत्तर शिक्षा, विशेष रूप से मास्टर डिग्री के बाद आम तौर पर कम से कम 1 वर्ष का प्री-पीएचडी कार्य और यदि किसी को इससे गुजरना हो तो कम से कम 2 वर्ष का पीएचडी कार्य करना होता है। समय-समय पर परिवर्तन होते रहे हैं और होते रहेंगे। उदाहरण के तौर पर, एक औपचारिक 1 वर्ष का प्री-पीएचडी कार्य जो अंतिम एम.फिल डिग्री तक ले जा सकता था, हाल ही में समाप्त कर दिया गया है। इस तरह के निर्णय के स्पष्ट रूप से निहितार्थ हैं क्योंकि यह उन लोगों की करियर संभावनाओं को प्रभावित करेगा जिनके पास एम.फिल डिग्री थी लेकिन उन्होंने पीएचडी की डिग्री नहीं ली।

## तलुवाचाटुकारिता

डॉ. सुरेश कुमार

**न्यूजरूम उत्सा**ह से भरा हुआ था। कारण, संपादकीय टीम एक प्रमुख प्रेस कार्यक्रम की तैयारी कर रही थी। यह ऐसा था मानो जैसे उनके सितारे जगमगा गए हों; एक सनसनीखेज कहानी सीधे उनकी झोली में आ गिरी थी। पत्रकार अपने आगामी कार्य का विवरण सुनने के लिए उत्सुकता से संपादक के चारों ओर एकत्रित हो गए। "सुनो, सब लोग," संपादक ने शुरू किया, उसकी आवाज उत्साह से भरी हुई थी। "हमें अभी-अभी एक अविश्वसनीय अवसर सौंपा गया है। हमारे पास देश की सबसे प्रभावशाली और शक्तिशाली शख्सियत का साक्षात्कार लेने का मौका है, और वे हमसे विशेष रूप से बात करने के लिए सहमत हुए हैं।" इस तरह के हाई-प्रोफाइल शख्सियत के बारे में मात्र सोचने भर से रोमांचित होकर पत्रकार तालियों की गड़गड़ाहट से न्यूजरूम को हिला दिया। जब वे इस कहानी को कवर करने के सर्वोत्तम तरीके पर विचार-मंथन और रणनीति बना रहे थे, तो कैमरे चमक रहे थे और फोन गूंज रहे थे। जैसे-जैसे उत्साह धीरे-धीरे कम हुआ, कमरे में एक शांत सन्नाटा छा गया और संपादक ने आगे कहा, "अब, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं, यह हमारे प्रकाशन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि सब कुछ बिना किसी रुकावट के हो जाए। हमें उनके लिए मुखपृष्ठ से लेकर वे जहाँ-जहाँ कहते हैं, उस-उस पृष्ठ पर समाचार छापना है। सरकार से दुश्मनी करके ईडी, आईटी की रेड डलवाने से अच्छा है, उनकी गोदी में बैठकर उनके हर अच्छे-बुरे कारनामों का झुनझुना बजाओ। इससे विज्ञापन तो मिलेगा ही, ऊपर से सरकारी पुरस्कार और योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ हमारी झोली में दस्तक देगी। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हमारा कवरेज उन्हें कहीं भी तकलीफदेह नहीं लगना चाहिए। उनसे ऐसे-ऐसे सवाल करने हैं जैसे मक्खन से लगे।" कमरा उत्सुकता से सिर हिलाने और सहमति की बड़बड़ाहट से भर गया था, क्योंकि सत्ता और प्रतिष्ठा तक पहुंच के वादे से उत्साहित पत्रकार संपादक के आदेश को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध थे। इसके तुरंत बाद, पत्रकारों ने हर विवरण की जांच की, सावधानीपूर्वक अपने प्रश्नों को तैयार किया और प्रमुख व्यक्ति की एक बाइट बनाई जो शक्तिशाली लोगों द्वारा समर्थित कथा के साथ मैच करने वाली थी।

## न्यूज फ्लैश

### भारत की वार्षिक आजीविका स्थिति रिपोर्ट जारी की

**नोएडा** । सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक वैश्विक अगुवा के रुप में एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज ने नई दिल्ली में आयोजित लाइवलीहुड समिट में 'आजीविका संवर्धन के लिए उभरता एजेंडा' शीर्षक से भारत की वार्षिक आजीविका स्थिति (रडक्छ) रिपोर्ट जारी की। इसका संपादन विकास अन्वेष फाउंडेशन के निदेशक डॉ. संजीव फणसलकर ने किया; यह रिपोर्ट काम करने की उम्र के 950 मिलियन लोगों के कम रोजगार वाली स्थिति पर प्रकाश डालती है। यह विभिन्न चुनौतियों को भी बताती है, जो इस समस?या को और बढाते हैं, इनमें अंधाधुंध औद्योगीकरण, जलवायु परिवर्तन और संक्षिप्त कृषि परिवर्तन शामिल हैं। रडक्छ रिपोर्ट के सुझावों के अनुसार इस क्षेत्र के लिए सिफारिशें हैं, बाजार से डील करने में ग्रामीण उत्पादकों की समस्याओं को कम करने के लिए डठऊ, रअल्टअटअळकऔर पेमेंट गेटवे के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना।लंबी दूरी के माइग्रेशन और विकास के कई आर्थिक मुद्दों को कम करने में मदद करने के लिए 'मेक इन इंडिया' का लाभ उठाते हुए डीपीआई द्वारा समर्थित वितरित विनिर्माण। कृषि-उद्यमियों पर फोकस करना, महिला उद्यमियों को वित्त और बाजार निर्माण में प्राथमिकता देना और पर्याप्त समर्थन देना। अति-गरीब और बाढ़ संभावित क्षेत्रों के लिए हस्तक्षेप को मजबूत करने के लिए अपने प्रबंधकीय पूल के साथ सीएसआर खर्च को पूरा करने के लिए कॉर्पोरेट घरानों के साथ सहयोग करना। एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के सीईओ, विपिन शर्मा ने कहा, समिट के 14वें संस्करण के साथ हम खुद को जी20 की अध्यक्षता के लिए भारत के समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख" दृष्टिकोण के अनुरूप बना रहे हैं। हमारा फोकस महिला विकास से हटकर महिला नेतृत्व वाले विकास पर केंद्रित हो गया है।प्रयासों का फोकस वित्तीय समावेशन से लेकर वित्तीय स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल से लेकर आवास, शिक्षा से उद्यमिता तक, 'नारी शक्ति' को भारत की विकास यात्रा में सबसे आगे रखने पर केंद्रित हैं।

### केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** हीट वेंटिलेशन एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग (एचवीएसी एंड आर) के लिए फिन और ट्यूब टाइप हीट एक्सचेंजर्स के निमार्ता केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 16 जनवरी, 2024 को बाजार नियामक सेबी के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। इस ऑफर में 10/- प्रत्येक अंकित मूल्य के 1,93,05,000 इक्विटी शेयरों तक का फ्रेश इश्यू शामिल है। कंपनी ने निवेश के लिए आईपीओ से हासिल शुद्ध आय का उपयोग नीमराणा, अलवर, राजस्थान में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, केआरएन एचवीएसी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में एक नई विनिर्माण सुविधा (प्रस्तावित परियोजना) स्थापित करने के लिए और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करने का प्रस्ताव रखा है। केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं और/या बाजार में मांग के अनुसार विभिन्न आकार और साइज के हीट एक्सचेंजर्स का निर्माण करती है। इसके द्वारा उत्पादित हीट एक्सचेंजर ट्यूबों का व्यास 5एमएम से 15.88एमएम तक होता है। कंपनी के उत्पाद एयर कंडीशनिंग, हीटिंग और वेंटिलेशन, रेफ्रिजरेशन और प्रोसेस कूलिंग एप्लीकेशंस की विस्तृत रेंज के लिए उपयुक्त हैं।

### सिंगल ऑरिजिन डेयरी ब्रांड- प्राइड ऑफ काउज ने अयोध्या राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए खुले दिल से प्रीमियम घी का योगदान दिया

**नई दिल्ली।** देश में प्रीमियम गुणवत्ता वाले डेयरी प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के अपने अटल इरादे के लिए मशहूर, पराग मिल्क फूड्स के सिंगल ऑरिजिन डेयरी ब्रांड, प्राइड ऑफ काउज ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को दान के तौर पर पर्याप्त मात्रा में प्रीमियम घी उपलब्ध कराया है। अयोध्या राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए 'श्रीवारी लड्डू' तैयार करने की पहल में सहयोग देने के उद्देश्य से किया गया यह योगदान उल्लेखनीय है, जिसमें प्रत्येक लड्डू का वजन 25 ग्राम होगा। बीते 300 सालों से पारंपरिक तौर पर तौर पर तैयार किए जाने वाले 'श्रीवारी लड्डू' प्रसादम् को इस वर्ष 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने वाले भक्तों एवं गणमान्य अतिथियों के बीच वितरित किया जाएगा। इस मौके पर पराग मिल्क फूड्स के अध्यक्ष, देवेन्द्र शाह ने कहा, "हमें अयोध्या राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को प्रीमियम घी का योगदान देकर बेहद खुशी हो रही है, जिससे श्रीवारी लड्डूओं की तैयारी और भी बेहतर हो जाएगी। यह इस बात को दशार्ता है कि हम अपने देश के विरासत के प्रति समर्पित हैं, साथ ही यह अयोध्या के 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सद्भावना का संकेत है।

# प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 21 को समालखा में होगा 51 कुंडीय यज्ञ

## जनसेवक शशिकांत कौशिक के द्वारा होगा 21 हजार कंबलों का वितर

**समालखा/(कुलदीप सिंह)**

**अयोध्या** में श्रीराम मंदिर में होने वाले मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में समालखा की नई अनाज मंडी में 21 जनवरी को शशिकांत कौशिक इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से 51 कुण्डीय हवन यज्ञ कराया जाएगा ओर श्रीराम जी को जयपुर के हलवाइयों द्वारा तैयार 108 किलों के लड्डू का भोग लगाया जाएगा। हवन यज्ञ के बाद जनसेवक शशिकांत कौशिक द्वारा कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए गरीबों व जरूरतमंद लोगों को 21 हजार गर्म कंबलों का वितरण भी किया जाएगा।



समाजसेवी शशिकांत कौशिक ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा व समालखा नगर पालिका के पार्षदों के अलावा गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को भव्य बनाने की रणनीति बनाई। जनसेवक शशिकांत ने सभी पार्षदों व शहर के गणमान्य लोगों से भगवान श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में होने वाले भव्य कार्यक्रम में परिवार सहित शामिल होकर यज्ञ में आहुति डालने की अपील की। वार्ड 6 के पार्षद नरेश कौशिक ने बताया कि नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले कंबल वितरण सम्मान समारोह से पहले हवन यज्ञ किया जाएगा जिसके लिए 51 हवन कुंड मंगवाए गए हैं तथा शहर के सभी मंदिरों के ब्राह्मणों को हवन कराने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही श्रीराम लला को भोग लगाने के लिए 108 किलों का लड्डू बनाया जाएगा,जिसे जयपुर राजस्थान से हलवाई बुलाएं गए हैं। बैठक में पार्षद विनोद वाल्मीकि, कप्तान छौक्कर, हरिओम शर्मा,अजय शर्मा,नरेश कौशिक, राजेश ठाकुर,अनिल रमन, भाजपा नेता सुभाष कुहाड, नरेश बंसल, पालिका उपाध्यक्ष शिक्षा शर्मा के प्रतिनिधि सतपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**राममय**

▶▶ कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए गरीबों व जरूरतमंद लोगों को 21 हजार गर्म कंबलों का वितरण होगा

# लॉन टेनिस में लिटल एंजल्स की खिलाड़ियों ने जीते पदक



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

7 जनवरी से 13 जनवरी 2023 तक राजस्थान के जोधपुर में आयोजित एस.जी.एफ.आई. लॉन टेनिस चैंपियनशिप अंडर- 19 में लिटल एंजल्स की खिलाड़ी धात्री व तमन्ना ने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की टीम को 6-0, 6-1 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय व राज्य का नाम रोशन किया प्रतियोगिता में देशभर से 22 टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के अभिभावकों ने उनकी इस जीत का श्रेय विद्यालय प्रशासन व खेल प्रशिक्षिकों को दिया। विद्यालय द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं के कारण ही खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने धात्री व तमन्ना को बधाई दी।

## शहीद के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर आज

**महेंद्रगढ़।** सामाजिक संस्था युवा इंकलाब संगठन के सौजन्य तथा रेडक्रॉस सोसायटी दिल्ली के सहयोग से 20 जनवरी को गांव चितलांग में शहीद रामपाल के बलिदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए युवा इंकलाब संगठन के अध्यक्ष कुलदीप सुरजनवास ने बताया कि रक्तदान शिविर में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. सुनील कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ वीरों की भूमि है और यहां के वीरों ने अनेक युद्धों में अपनी शहादत दी हैं। यह रक्तदान शिविर गांव चितलांग के तीन शहीदों को सादर समर्पित है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया भव्य स्वागत

## व्यवस्था परिवर्तन से फलीभूत हो रही जन आकांक्षाएं : प्रो रामबिलास शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेन्द्रगढ़** । विकसित भारत संकल्प यात्रा आज सतनाली खंड के गांव नांगल माला व नांवा पहुंची। इस मौके पर गांव नांवा में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो रामबिलास शर्मा व गांव नांगल माला में भाजपा प्रदेश यूवा मोर्चा कार्यकारणी सदस्य नवीन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। मुख्य अतिथि ने नागरीको को विकसित भारत की शपथ दिलाई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि अब आमजन को किसी दफ्तर में नहीं जाना पड़ता। उन्होंने कहा कि आज सरकार आपके द्वार पहुंची है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल घर-घर तक ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नेक नियत और बुलंद इरादों से जनता के अविश्वास को विश्वास में बदला है। व्यवस्था के प्रति आशा की किरण लौट आई है। अब निराशा के बादल छट चुके हैं। व्यवस्था परिवर्तन होने से जन आकांक्षाएं फलीभूत हो रही हैं।

इस यात्रा में विभिन्न विभागों से आए अधिकारी आप लोगों की समस्याए सुनेंगे व उन समस्याओ को मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज नांवा गांव में 30 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है।

गांव नांवा में शर्मा जी ने गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति शेरसिंह व गांव की सबसे बुजुर्ग महिला रुकमा देवी को लोई उड़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर गांव के स्कूल के बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इसी प्रकार गांव नांगल माला में नवीन शर्मा ने गांव के शहीद रामनिवास, शहीद कृष्ण कुमार, शहीद अनिल कुमार के परिजनो व स्कूल के टॉपर बच्चे तन्नू, निखिल, दीपांशु, सार्थक, पुनित,मयंक, सतीन, कनिष्क, कुमकुम, मानवी को सम्मानित किया।

## मंत्री ओमप्रकाश ने की मंदिर में सफाई



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने पटीकारा गांव के प्राचीन हनुमान जी के मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मंदिर में स्वयं साफ सफाई करते हुए गांव वासियों को संदेश दिया। उन्होंने कहा 22 जनवरी से पहले गांवों व शहर के सभी मंदिरों और धार्मिक संस्थानों में साफ-सफाई की जाएगी।

उन्होनें कहा कि आगामी 22 जनवरी को भगवान श्री रामचंद्र जी की अयोध्या में होने जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए उस दिन पूरे शहर व गांवों में दीपावली जैसा पर्व मनाया जाएगा। वहीं शहर के मंदिरों में 22 हजार दीप जलाए जाऐंगे। उन्होनें कहा कि भगवान राम हमारे सब के लिए आस्था है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करोड़ों देश वासियों की भावना को समझा है 22 जनवरी को देश के लोगों का सपना पुरा होगा अयोध्या मे भगवान श्री रामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी।

# प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सजाया जाएगा बाजार

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल** । अयोध्या में भगवान राम की प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शहर पुल बाजार को भी सजाकर हलवे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर बीती शाम पुल बाजार स्थित विश्वकर्मा मंदिर में व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाजार के वरिष्ठ व्यापारी पन्नालाल अग्रवाल व ओम प्रकाश बंसल ने कहा कि 22 जनवरी को हमारी वर्षो पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस दिन भगवान राम अयोध्या में विराजमान होंगे और यह दिन हमारे लिए ऐतिहासिक होगा। व्यापारियों ने



कहा कि पूरे देश में दीपावली के रूप में मनाए जाने वाले इस दिन को पुल बाजार के व्यापारी भी पूरे उत्साह के साथ मनाएंगे।

22 जनवरी के दिन पुल बाजार को गुब्बारों व फूलों से सजाकर सुबह हलवे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से रामजीवन अग्रवाल,मोतीलाल जैन, सोम प्रकाश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, निपेंद्र संघी, राजारामजी,जगदीश पासी, दाताराम, बसंत लाल शर्मा, सूरत सिंह यादव, मालाराम,सुभाष राजोरिया, ओम प्रकाश शर्मा, फकीरचंद,मुन्नालाल,सुरेश लखेरा, महेश लखेरा व मुकेश आदि मौजूद रहे

# सरकार-सिस्टम ने बेरोजगारों को फुटबॉल बना रखा है: जयहिन्द

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

19 जनवरी को हरियाणा के सभी जिलों से हरियाणा कौशल रोजगार निगम से निकले गए 1600 लोगो के प्रतिनिधि न्याय की गुहार लगाने जयहिन्द सेना के प्रमुख नवीन जयहिन्द के पास उनके टैंट में पहुंचे। प्रतिनिधियों ने जयहिन्द को बताया कि उन्हें फसल की खरीद के समय कंप्यूटर ऑपरेटर(ऊेङ्क) व चौकीदार मार्केट कमेटी में नियुक्त किया गया था और दो से तीन महीने 16000 रुपए में काम करवाने के बाद बिना नोटिस के नौकरी से निकल दिया। जिसके बाद उन्होंने दफ्तरों के चक्कर भी लगाए लेकिन कहीं कोई सुनवाई नही हुई, हार कर वे जयहिन्द के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंचे ताकि उनकी आवाज सरकार के कानो तक पहुंच सके। जयहिन्द ने उनकी समस्या सुनी और उन्हें आश्वासन दिया कि हम आपके साथ है।

# श्रमिकों के लिए व्हाट्सएप चैनल की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल**

श्रमिकों के उत्थान के लिए सरकार ने सार्थक कदम उठाते हुए श्रमिकों के लिए व्हाट्सएप चैनल की सुविधा शुरू की है जो इस वर्ग के कल्याण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम साबित होगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि सरकार ने 16 प्रकार के श्रम कानून से संबंधित ऑनलाइन सेवाओं के लिए श्रम सुविधा पोर्टल भी बनाया है।

उन्होंने बताया कि श्रमिकों को योजनाओं से अपडेट रखने के लिए हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से श्रमिकों के लिए व्हाट्सएप चैनल की शुरूआत की है। उन्होंने बताया



कि इस चैनल पर सोशल मीडिया अभियान, महत्वपूर्ण सूचनाएं व अपडेट, सभी योजनाओं की संपूर्ण व सटीक जानकारी, पंजीकरण एवं लाभ उठाने की प्रक्रिया, सामान्य पूछे जाने सवाल व जवाब, वीडियो और फोटो के माध्यम से संपूर्ण संदेश तथा परस्पर इंटरएक्टिव संचार आदि सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने बताया कि जो श्रमिक बोर्ड में पंजीकृत हैं उसको स्वत ही बोर्ड के व्हाट्सएप चैनल में जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि औद्योगिक एवं निर्माण श्रमिकों को दी जा रही सभी योजनाएं सीधे उनके मोबाइल पर उपलब्ध हो जाएंगी।

**अहम कदम**

▶▶ श्रमिकों के कल्याण की दिशा में अहम कदम साबित होगा व्हाट्सएप चैनल : उपायुक्त मोनिका गुप्ता

## अटेली में किसान मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय सिंह**

**नारनौल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से आज राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में अंतरराष्ट्रीय पौषक अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में किसान मेले का अयोजन किया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। अटेली विधायक सीताराम यादव के सुपुत्र प्रवीण कुमार ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने मेले में आए किसानों को अपने दैनिक भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने के लिए आह्वान किया तथा नैनों यूरिया खाद का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया।

# तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम समन्वय समिति की हुई बैठक

## सार्वजनिक जगह पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही करें अधिकारी : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल** । सार्वजनिक जगह पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ अधिकारी लगातार कार्यवाही करें। उन्हें सिविल सर्जन की तरफ से चालान बुक जारी की गई है। इसका प्रयोग करते हुए ऐसे नागरिकों का चालान काटा जाए जो सार्वजनिक जगह पर धूम्रपान करते हैं। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठक में दिए। डीसी ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित तंबाकू



नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा 2003 के धारा 4 के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर कोई व्यक्ति धूम्रपान करते पाया जाता है तो उनसे 200 रुपये तक का जुमार्ना वसूला जाएगा। अधिकारी इन नियमों की पालन करना सुनिश्चित करें। इसके बाद उपायुक्त ने जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत जिला पर्यावरण सेल की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने स्तर पर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्य करें। साथ ही अत्यधिक सर्दी के मौसम में मानव के शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करें।

**सख्ती**

▶▶ प्रयोग करते हुए ऐसे नागरिकों का चालान काटा जाए जो सार्वजनिक जगह पर धूम्रपान करते हैं

# जन आवाज-गैलेक्सी कोर्ट मार्केट सोसायटी ने डीटीपी कार्यालय पर काटा बवाल

## सैकड़ों करोड़ के यूडीलैंड घोटाले में शामिल डीटीपी अधिकारियों, अंसल मालिको को तत्काल किया जाए गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

गैलेक्सी कोर्ट के दुकानदारों को उनका मालिकाना हक दिलवाने के लिए गैलेक्सी कोर्ट मार्केट सोसाइटी और जन आवाज सोसायटी के सदस्यों ने डीटीपी कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया। इस मौके पर दुकानदारों ने कहा कि हमने अंसल एपीआई को अपनी दुकानों की पूरी पेमेंट कर दी और असल मालिकों ने उन्हें इसके बदले एन. ओ. सी भी जारी कर दी लेकिन उसके बाद उनकी दुकानों के बाहर नोटिस चस्पा कर दिए गए कि आपकी दुकान अवैध है इसकी कंप्लीशन जारी नहीं हुई 13 -14 साल से हम अपनी दुकान चला कर अपनी जीविका कमा रहे हैं लेकिन अब डीटीपी



विभाग अपनी सीलिंग की तलवार हम पर लटकाये हुए हैं हमने अपनी खून पसीने की कमाई से अपनी जीविका चलाने के लिए यह दुकान खरीदी थी लेकिन अब सरकार हमें उजाड़ने पर तुली हुई है।

गैलेक्सी कोर्ट मार्केट सोसाइटी के प्रधान राज कालडा ने कहा कि वह कई सालों से इन दुकानदारों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन अधिकारियों और सरकार की ढुलमुल नीतियों के चलते हम लोग इसमें पीस रहे हैं हमारे ऊपर सीलिंग की तलवार लटक रही है लेकिन सरकार हम पर कोई ध्यान नहीं दे रही। एसके राणा महासचिव गैलेक्सी कोर्ट मार्केट सोसाइटी ने बताया कि बप विभाग हम पर यह थोपना चाहता है कि हम ही पूरे हरियाणा की अंसल सुशांत सिटी के पैसे जमा करें उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर बहुत बड़ा जुल्म हो रहा है जिन लोगों को जेल में जाना चाहिए वह खुले घूम रहे हैं और बेबस दुकानदार दर-दर भटक रहे हैं ।

जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद एवं प्रधान जन आवाज सोसाइटी ने कहा कि अंसल एपीआई मालिकों और डीटीपी अधिकारियों ने भू माफियाओं के साथ मिली भगत करके हरियाणा की अंसल एपीआई यूनिटो में यूडीलैंड बेचकर सरकार के साथ सैकड़ो करोड़ का घोटाला किया। जब हमने इसके खिलाफ आवाज उठाई तो अपने अधिकारियों को बचाने के लिए सरकार ने अंसल एपीआई को दिवालिया घोषित करवा दिया जबकि उनके ऊपर यूडीलैंड की फर्जी रजिस्ट्री करवाने के मुकदमे तक दर्ज थे सरकार को उसे दिवालिया घोषित करने से पूर्व बेबस दुकानदारों पर भी ध्यान देना था। उन्होंने कहा कि इन दुकानदारों ने सरकार द्वारा अप्रूव्ड भूमि के अंदर दुकान खरीदी थी।

**घोटाला**

▶▶ सल एपीआई यूनिटो में यूडीलैंड बेचकर सरकार के साथ सैकड़ो करोड़ का घोटाला किया

# शारीरिक दक्षता खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**युवा** स्पोर्ट्स क्लब सोनीपत के द्वारा नेहरू युवा केन्द्र सोनीपत (युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह ( 12 जनवरी से 19 जनवरी) के दौरान शारीरिक दक्षता खेल प्रतियोगिता का आयोजन एस.एम.हिन्दू. सी.सेकंडरी.स्कूल में के हॉस्टल के मैदान पर किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि वार्डपार्षद 20 नीतू दहिया जी रही जिसमे उन्होंने कबड्डी की टीमों से हाथ मिलाकर मैच की शुरूआत की इस दौरान सोनीपत से प्रमुख समाजसेवी श्री हेमंत नांदल जी रहे उन्होंने युवाओं



को जागरुक करते हुऐ स्वामी विवेकानंद जी के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके आदर्शों को अपनाते हुए अपने जीवन को सफल बनायें। इस दौरान कबड्डी मैच में प्रथम स्थान हिन्दू स्कूल कबड्डी एकेडमी रही व दूसरे स्थान पर स्प्रिंगसऐरा स्कूल कबड्डी टीम विजेता रही। श्री हेमंत नांदल ,तुसार, मनीष, देवा,हनी,व कोच सचिन पाराशर, कोच संजू ने कब्बड्डी टीमो को प्रथम टीम को गोल्ड मैडल व सर्टिफिकेट और द्वितीय टीम को सिल्वर मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया इस दौरान स्टेटअवार्डी बबिता, सतपाल राणा, प्रिंसिपल किरण गुप्ता भी मौजूद रहे।

# 'देश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर'

## अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन उत्सव को धूमधाम से मनाने एवं भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं : राजीव जैन





**निमंत्रण**

**सभी वर्गों को 21 जनवरी को आयोजित श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का निमंत्रण दिया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन उत्सव को धूमधाम से मनाने एवं भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन। इतनी सर्दी में 150 से ज्यादा नुक्कड़ सभाओं में सवा लाख दीये वितरित कर शहर के सभी वर्गों को 21 जनवरी को आयोजित श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का निमंत्रण दिया गया है । शुक्रवार को इसी कड़ी में शहर के मंदिरों में पूजा करने वाले पुजारियों की बैठक गीता भवन मंदिर में हुई जिसमें सभी मंदिरों में 22 जनवरी के कार्यक्रम आयोजित करने और 21 जनवरी को श्रधालुओं द्वारा घरों से बाहर निकलकर शोभा यात्रा का स्वागत करने बारे विचार विमर्श किया गया। इससे पूर्व शहर की सभी सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक एवं शैक्षणिक संगठनों की बैठक में भी यात्रा का 100 से ज्यादा स्थानों पर अभूतपूर्व स्वागत की तैयारी बारे चर्चा की गई थी। राजीव जैन ने बताया कि नुक्कड़ सभाओं में विशेषकर महिलाओं का उत्साह रिकार्ड तोड़ था और सभी बेसब्री से 21-22 जनवरी के उत्सव में भाग लेने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि दुकानदारों एवं मार्किट एसोसिएसनों की बैठक में भी मार्किट को राम प्रतीक झंडों की लड़ियों से सजाने एवं बिजली की रोशनी करने का निर्णय लेकर काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि राजा रामचंद्र लंका पर विजय प्राप्त करके के बाद 14 वर्ष बाद अयोध्या लौटे थे तो उस समय के उत्साह से ज्यादा खुशी 496 वर्षों के संघर्षों के बाद राम मंदिर के निर्माण की है।

चूँकि प्रभु श्रीराम ने निषाद को गले लगाकर, शबरी के झूठे बेर खाकर, केवट के पांव धोकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया, इसलिए गरीब लोगों में भारी उमंग देखा जा रहा है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को सरकार करेंगे: विधायक



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लोगों के लिए खुशहाली लेकर आई है। सरकार घर-द्वार पर आकर यानि वार्डों में जाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलवा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा है। विधायक आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड नम्बर 16 व 19 के तहत हुड्डा ग्राउंड सैक्टर-10 में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहीं।

विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी, तभी हम इस संकल्प को पूरा करने में सफल होगें। मोदी की गांरटी वाली गाडी आमजन के लिए खुशहाली लेकर आई हैं।

विधायक कहा कि इस भूमंडल पर तीन तरह के राष्ट्र हैं, जिनमें एक

**संकल्प**

**सरकार घर-द्वार पर आकर यानि वार्डों में जाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलवा रही**

अविकसित राष्ट्र है, जिसमें किसी प्रकार का कोई काम नही हुआ है, दूसरा विकासशील देख जैसे हमारा भारत देश है, जो निरंतर विकास कर रहा है और तीसरा विकसित देश हैं, जिनमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, ऐसे 37 देश हैं। हमें उन 37 देशों की श्रेणी में शामिल होने के लिये संकल्प लेकर अपने राष्ट्र को 38वां विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि सरकार के संकल्प लेने मात्र से कुछ नहीं होगा, जब तक प्रत्येक भारत वासी चाहे वह गांव, शहर, ढानी में रहता है, हर यूवा बिजनसमेन, किसान, मजदूर जब तक संकल्प नहीं लेगा कि मैंने भारत को आगे बढ़ाना हैं, तब तक यह संकल्प पूरा नहीं होगा। आपने साढे 9 साल पहले मोदी जी को एक नया भारत बनाने के विश्वास के साथ देश की बागडोर संभाली थी, इन साढे 9 सालों में भारत कितना आगे बढ़ा हैं, वो इस गाड़ी के माध्यम से दशार्या जा रहा हैं कि पूरे देश को नेशनल हाईवे के माध्यम से एक कौने से दूसरे कौने तक जोड़ा जा रहा है। भारत में 50 वंदे भारत हाई स्पीड ट्रेन चलाने के साथ-साथ रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया गया है।

# राष्ट्रीय जागरण मंच बराड़ा ने दीप वितरित किये



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** 22 तारीख को अयोध्या में होने वाले समारोह के उपलक्ष में राष्ट्र जागरण मंच बराडा द्वारा अंबाला ,दोसडका , साहा का सहित अनेक स्थानों पर दीप वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया। राष्ट्र जागरण मंच के संस्थापक अमरेंद्र सिंह, बाबा बहादुर दल के प्रधान राजेंद्र सिंह , ग्रामीण विकास सेवा संगठन के प्रधान

शेर सिंह राणा, सरबत के भला फाउंडेशन के प्रधान कुलबीर सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न दुकानदारों व स्थानीय लोगों को दीप वितरित करते हुए कहा गया कि वह अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग ले और अपने घरों में दीप अवश्य जलाएं। ट्रस्ट के संस्थापक अमरिंदर सिंह ने बताया कि वर्षो पुराना सपना साकार होने जा रहा हैं। 22 तारीख इतिहास के सुनहरी अक्षरों मे लिखा जाएगा।

# पुलिस पाठशाला के माध्यम से यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा कुलदीप सिंह**



समालखा विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रातः समालखा के माता पुली रोड़ पर स्थित राजकीय स्कूल में पहुंची जिसमें नगरपालिका के अध्यक्ष अशोक कुच्छल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलवाई और सम्बोधित भी किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आज घर बैठे ही लोगों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ ऑनलाईन मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाएं आमजन के द्वार तक ही पहुंच रही हैं।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल और हर घर नल पहुंचाने की मुहिम के तहत प्रत्येक घर को जोडकर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हर गरीब और जरूरतमंद परिवार के लिए आशा की किरण बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सिरमोर बनाने का जो सपना देखा है हम सबको चाहिए कि हम सब उसमें सहयोग करें। यह यात्रा योजनाओं को लेकर गांव-गांव और शहर-शहर पहुंच रही है जिसमें योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का भी अवलोकन किया और उज्जवला योजना के तहत गैस व नै व शन भी वितरित किए। इस मौके पर जिला परिषद की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, एसडीएम अमित कुमार, पार्षद कप्तान छोक्कर रेणू धीमान अनिल रमन आदि भी उपस्थित रहे।

# अशोक ने दिया वकीलों को कांग्रेस सम्मेलन में आने का न्यौता

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**पूर्व मँत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन के सभागार में जाकर वकीलों को 21 जनवरी को नई अनाज मंडी में आयोजित कांग्रेस के सम्मेलन में शामिल होने का न्यौता दिया।

यहां पहुंचने पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कुमार गुप्ता, पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह तंवर, पूर्व प्रधान गुरतेज सिंह शेखों, पूर्व प्रधान अशोक भारद्वाज, दीनानाथ अरोड़ा, जयनारायण शर्मा, विक्रांत कुंडू, सुरजीम पलवल, मनोज वशिष्ठ, तूषार सैनी, जगरूप सिंह, अमर सिंह मलिक, अंकित गुप्ता सहित अनेक वकीलों ने अरोड़ा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। दीनानाथ अरोड़ा एडवोकेट ने अशोक अरोड़ा को सम्मान स्वरूप शॉल भेंट की। इस दौरान वकीलों ने पूर्व मँत्री को रैली में आने का आश्वासन भी दिया।

# मेयर शक्तिरानी ने छात्रों को नि:शुल्क साइकिलें वितरित की

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने 11 व 12वीं के छात्रों को प्रोत्साहन के लिए निशुल्क साइकिल वितरित की। अपने ग्रामीण दौरे के दौरान मेयर शक्ति रानी शर्मा ने अंबाला शहर के गांव मोटा माजरा से बच्चों को प्रोत्साहित करने के अभियान की शुरूआत की। इस दौरान अंबाला के गांव धुराला, मटेरी जट्टा, आनंदपुर जलबेड़ा, उगारा का दौरा किया गया। इस दौरान मेयर शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री



विनोद शर्मा ने अंबाला को हमेशा अपना परिवार माना है और अंबाला के लोगों को समय-समय पर राहत पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल जाने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था जिसको देखते हुए विनोद शर्मा ने 11वीं में 12वीं के छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए साइकिल वितरण करने का फैसला किया। शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि आज वह बच्चों को साइकिल वितरित करने आई है।

**आत्मनिर्भर**

**मेयर ने अंबाला शहर के गांव मोटा माजरा से बच्चों को प्रोत्साहित करने के अभियान की शुरूआत की**

उन्होंने कहा कि अंबाला की जनता ने हमेशा शर्मा परिवार का साथ दिया है और हमें विश्वास है कि भविष्य में भी आप लोगों का साथ हमें मिलता रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हर सप्ताह मेडिकल कैंप लगाए जाते हैं और कई तरह के ब्लड टेस्ट बिल्कुल मुफ्त किए जाते हैं। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई स्कूल के इन गांव में खोले गए हैं जिसमें महिलाएं सिलाई सीख कर आत्मनिर्भर बन रही है।

शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास है अधिक से अधिक गांव में सिलाई सेंटर खोले जाएं ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके। गौरतलब है कि पहले भी मेयर द्वारा कइ सामाजिक कार्य किए जाते हैं।

# समाजसेवी संदीप गर्ग को शाकुम्भरी जयंती का दिया निमंत्रण



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा के माता शाकुम्भरी देवी मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी व सदस्य शुक्रवार को समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग के कार्यालय पर 24 जनवरी दिन बुधवार को मंदिर में आयोजित होने वाली भजन संध्या में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करने के लिए उन्हें निमंत्रण पत्र देने पहुंचे।समिति के प्रधान सुमित गर्ग ने बताया कि माता शाकुम्भरी जयंती 25 जनवरी को लाडवा-रादौर मार्ग पर गांव बन मोड के नजदीक माता शाकुम्भरी देवी मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसको लेकर 24 जनवरी बुधवार सांय सात बजे एक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग भजन संध्या का शुभारंभ करवाएंगे। जिसको लेकर निमंत्रण पत्र देने उनके कार्यालय पर पहुंचे थे और उन्होंने निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि भजन संध्या में मुख्य रूप से विधि गर्ग, मित्र लाडला द्वारा भजनों का गुणगान किया जाएगा।

# गांधी ग्राउंड में कल होगा 27वां सलाना गुरमत समागम

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** सेवा सिमरन सोसाईटी गुरूद्वारा सिंह सभा रेजिमेंट बाजार अम्बाला छावनी द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें कल रविवार को गांधी ग्राउंड अम्बाला छावनी में होने वाले 27वें सलाना गुरमत समागम को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया इस प्रेस वार्ता की अध्यक्षता सोसाईटी के प्रधान ब्रह्मजीत सिंह खालसा ने की खालसा ने प्रेस वार्ता में सभी देश व प्रदेश वासियों को जहाँ एक तरफ इस समागम मैं आने का न्योता दिया वहीं खालसा ने कहा कि आने वाली 22 जनवरी को श्री राम मन्दिर के उद्घाटन को लेकर खालसा ने कहा कि जो हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो इतना बड़ा देश के लिए कार्य किया है वहीं



हमारे हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने सभी देश व प्रदेश वासियों आग्रह किया की उस दिन सभी आपने घरों मै दीप माला करें। उन्होंने कहा कि इस गुरमात समागम में इलाही वाणी का कीर्तन व कथा करने के लिए भाई हरजिन्द्र सिंह जी श्रीनगर वाले, भाई रविन्द्र सिंह जी हजुरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर वाले, भाई सरबजीत सिंह जी कथा वाचक लुधियाना वाले, भाई सरबजीत सिंह जी पटना साहिब वाले, भाई जसकरन सिंह जी पटियाला वाले, भाई सतनाम सिंह जी श्री पंजोखरा साहिब वाले पहुंच रहे है। जिसमे खालसा ने बताया कि विशेष रूप से गुरू महाराज जी का आशीर्वाद लेने के लिए हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज विशेष तौर पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरमत समागम मे आ रही संगतों के लिए गुरू का लंगर व चाय, जलेबी, पकौड़े का लंगर अटूट बरतेगा।

**लंगर अटूट**

**विशेष रूप से गुरू महाराज जी का आशीर्वाद लेने के लिए हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री विज विशेष तौर पर पहुंच रहे हैं**

# हमें अव्यक्त बनने और उच्च पुरुषार्थ करने की प्रेरा􏰀देता है पु ण्य स्मृति दिवस : सरोज बहन

**कुरुक्षेत्र। टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा की 55वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में योग साधना के साथ प्रारंभ हुई। इस दौरान सेवा केंद्र के सभी नियमित बी.के भाई -बहनों ने दिनभर योग साधना करते हुए पिताश्री के जीवन प्रसंगों को याद करते हुए अपनी आत्मा में निहित जीवन मूल्यों रूपी रत्नों को पहचान कर लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प धारण किया। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने बताया कि पुण्य



स्मृति दिवस हमें अव्यक्त बनने और उच्च पुरुषार्थ करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि कैसे ब्रह्मा बाबा ने तन-मन -धन सब कुछ शिव बाबा को अर्पण किया। जिनके प्रति हमारा आदर और प्यार होता है, उसकी हर बात सहज स्वीकार हो जाती है। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने स्वयं को त्याग, तपस्या की साक्षात मूर्त बना कर अनेकानेक मनुष्यों के मन में विश्व कल्याण की भावना के बीज बोए, जो वट वृक्ष की तरह विश्व में फली भूत हो रहे हैं। नन्ही बी.के गौरी ने शत शत नमन हमारा गीत के माध्यम से बाबा के दिव्य गुणों का बखान किया।

# 'श्रीराम समस्त विश्व के लिए आदर्श'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सामाजिक समरसता के सबसे बड़े प्रतीक हैं। भगवान राम का जीवन मयार्दा,सामंजस्य और समरसता का ही पर्याय है।इसीलिए भगवान श्रीराम न केवल भारतीय समाज के लिए बल्कि विश्व समुदाय के लिए आदर्श हैं। श्रीराम सनातन वैदिक संस्कृति के परम पुरुष है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा श्रीअयोध्या धाम में श्रीराम मदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीरामोत्सव कार्यक्रम में मिशन इन संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन एवम् मंगल शंखध्वनि



से हुआ। मातृशक्ति द्वारा सुमधुर राम भजन का गायन हुआ। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया।वनवासी के रूप में राम का जीवन मानो सामंजस्यता और समरसता का ही पर्याय बनकर हमारे लिए अनुकरणीय हो गया है। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा श्रीराम के काल में जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान समय एवं समाज में जिस केवट समाज को वंचित समुइदाय की श्रेणी में रखा जाता है वह समाज भगवान राम का अतिप्रिय मित्र है। मित्रता बराबरी का ही प्रतीक है।

# सद रमेश कौशिक ने गौशालाओं को वितरित की अनुदान राशि

**सोनीपत:** सांसद रमेश कौशिक ने गांव सिसाना, निरथान, सैदपुर तथा हरसाना स्थित गौशालाओं को सरकार द्वारा भेजी गई अनुदान राशि वितरित की। इस दौरान उन्होंने सिसाना गौशाला को 27.80 लाख, निरथान गौशाला को 2.83 लाख, सैदपुर गौशाला को 3 लाख तथा हरसाना गौशाला को 1.83 लाख रुपए की अनुदान राशि वितरित की। इस दौरान सांसद ने कहा कि गौ माता का हमारी सभ्यता, संस्कृति तथा परम्पराओं से बहुत गहरा और पुराना नाता है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवता निवास करते हैं। हमारे धार्मिक ग्रंथों में गाय को माता का दर्जा दिया गया है।

# पटवारियों की हड़ताल से नहीं हो रहे लोगों के काम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के पटवारखाने के नजदीक अपनी मांगों को लेकर आज भी पटवारियों ने हड़ताल जारी रखते हुए प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। प्रदर्शन में पटवारी डीसी ऑफिस में प्रदर्शन करने पहुंचे और डीसी के सामने भी अपनी मांगों को लेकर गुहार लगाई। पटवारी एंव कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि आज हमारा धरना प्रदर्शन पांचवे चरण में प्रवेश कर गया है। आज हमारे धरने का 16वां दिन है और हम लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। पटवारियों की हड़ताल के चलते कार्यालयों में विभिन्न कार्यों के लिए आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़ाके की ठंड में लोग मायूस



होकर अपने घरों की ओर लौटते नजर आए। कुछ लोगों ने बताया कि उन्हें जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यों के लिए यहां आए थे लेकिन उन्हें पता चला कि पटवारी तो हड़ताल पर बैठे हुए हैं, जिसके चलते उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

पटवारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी तो आगामी आंदोलन का एलान किया जाएगा। उनकी हड़ताल से तीन दिन और तहसीलों में काम प्रभावित रहेगा। पटवारी एवं कानूनगो 25500-32100 वेतन बढ़ोतरी की अधिसूचना को 25 जनवरी, 2023 के बजाय पहली जनवरी, 2016 से लागू करने की मांग कर रहे हैं। अन्य मांगों में खाली पद जल्द भरना व नायबब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा कराना शामिल है। एसोसिएशन के प्रधान जयवीर सिंह चहल ने कहा कि जब तक अधिसूरचना में संशोधन नहीं हो जाता हड़ताल जारी रहेगी। कड़ाके की ठंड में पटवारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं परिणाम यह है कि लोगों के कामकाज भी ठप हो गए हैं।

**काम ठप**

**प्रदर्शन में पटवारी डीसी ऑफिस में प्रदर्शन करने पहुंचे और डीसी के सामने भी अपनी मांगों को लेकर गुहार लगाई**

# नरेलाः भाजपा पूर्वांचल मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली उत्तर-पश्चिम** जिला भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी के द्वारा होलंबी वार्ड के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर लोगों को घर-घर जाकर अक्षत, ध्वज एवं मिट्टी के दीये वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में नरेला के पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, सुदामा सिंह, आत्माराम ठाकुर, सुभाष महतो, सुनील कुमार, सत्यनारायण सोनी, संजय रावत, सागर यादव, राकेश, धीरज सिंह राजपूत, मालती मौजूद रहे। आपको बतादें कि इस कार्यक्रम के संयोजक विजय कुमार कुशवाहा और संतोष झा रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने बताया कि जिला के अन्तर्गत आने वाले सभी मंडलों में पूर्वांचल मोर्चा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज होलंबी वार्ड के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने आगे यह भी बताया कि सभी को प्रभु श्रीराम जी के जीवन से सीख लेते हुए हमेशा ही सभी कार्य मर्यादा में करने चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है। उसे दिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर ही चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।





22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण व भव्य दीपावली दीपोत्सव मनाने हेतु मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के सभी सदस्य, पदाधिकारियो ने मेन बाजार नरेला में दीपक व श्रीरामध्वज, पताका का वितरण किया।

## रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी करें रक्तदान : प्रवीण यादव



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री यादव ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करे। जिससे की लोग अधिक से अधिक रक्तदान करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक रक्तदान शिविर का आयोजन करें। जिससे लोग इन शिविरों में रक्तदान करें और अधिक से अधिक रक्त को एकत्रित किया जा सकें। उन्होंने आगे बताया कि जहां पर भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, वहां पर जाये और रक्तदान करें। क्योंकि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती है।

## वस्तुओं के दामों में बढ़ोत्तरी होने से लोग हो रहे है परेशानः भारत सिंह



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया देश** में महंगाई अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, महंगाई के कारण के हर एक तबका परेशान है। उन्होंने आगे कहा कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम सामान को छू रहे है और जनता परेशान हो रही है। लेकिन सरकार महंगाई कम करने की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। उक्त बातें कांग्रेस नेता भारत सिंह राघव ने कही। ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने आगे बताया कि सरकार को विशेष रूप से महंगाई पर लगाम लगाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई तो बढ़ रही है लेकिन जनता की सैलरी में इजाफा नहीं हो रहा है, यही कारण है कि लोगों के घरों के रसोई का बजट बिगड़ रहा है और वह परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि जब हमारी पार्टी की सरकार थी तो लोगों को इस प्रकार की महंगाई का सामना नहीं करना पड़ रहा था।

## कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही जनहित में कार्य किया हैः ननवा प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली समाजसेवी ननवा** राम प्रधान ने बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है। वह कांग्रेस पार्टी की देन है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। यही कारण है लोग कांग्रेस के कार्यों से खुश है। प्रधान ने आगे बताया कि हम जहां पर भी जा रहे है लोग कांग्रेस के कार्यों को याद कर रहे है।



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशवनी बागड़ी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा और रमेश शर्मा।

## त्रीनगरः दुनिया की हर समस्या का समाधान हैं श्रीरामः संजय शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली अयोध्या** में राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी, 2024 को है, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-63 से भाजपा नेता संजय शर्मा ने कहा कि अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश प्रभु श्रीराम की भक्ति के रंग में सराबोर है। तो वहीं राम धुन का रंग सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी देखने को मिल रहा है। उक्त बाते करते हुए संजय शर्मा ने कही। उन्होंने आगे बताया कि श्रीराम इस सनातन भारत भूमि के पूज्य तो हैं ही, श्रीराम सम्पूर्ण विश्व के हैं इस पावन वसुंधरा के हर प्राणी के हैं राम। उन्होनें बताया कि सब के राम इन शब्दों का अर्थ अपनी-अपनी भावना के अनुसार अलग-अलग समझा जा सकता है पर सभी का सार यही है कि राम सब के हैं।

## शालीमार बाग : प्रभु श्रीराम के बताये मार्ग पर सभी को चलना चाहिए : चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली के** शालीमार बाग इलाके के त्रिवेणी शंकर मंदिर बीसी ब्लॉक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर पंडित अशोक मिश्रा, कमल शुक्ला, मंडल अध्यक्ष नरेश जैन, राज कुमार चौधरी, मोहित मल्होत्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज सेवी राजकुमार चौधरी ने बताया कि सभी को प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य की हमेशा ही जीत होती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। राम भक्तों के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अक्षत व आमंत्रण पत्र, दीये और झंडे का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को दीपावली के रूप में मनाये और घर पर दीये अवश्य ही जलाये।

## मॉडल टाउन में सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी, जनता परेशान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-68 मॉडल टाउन पार्ट दो में नियमित रूप से साफ-सफाई न होने की वजह से क्षेत्रीय लोग खासा परेशान है, स्थानीय लोगों के अनुसार सफाई कर्मचारियों की कोताही के चलते क्षेत्र में गंदगी का माहौल बना हुआ है। यहां पर हम बात कर रहे है मॉडल टाउन पार्ट-दो स्थित रामलीला मैदान के बाहर की। काफी लंबे समय से गंदगी का ढ़ेर पड़ा हुआ है, जिसके चलते लोगों को भी आवाजाही करने में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीए निवासी राजकिशोर ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते क्षेत्र में गंदगी फैली हुई है, तो वही कमल वर्मा ने कहा कि हमने क्षेत्र की साफ-सफाई के लिए कई बार निगम कर्मचारियों व निगम कार्यालय में भी शिकायत की है लेकिन उनके कानों तले जूं तक नहीं रेंगी और समस्या जस की तस बनी हुई है।

# नरेला में जरूरतमंदो को फेडरेशन ऑफ नरेला ने बांटे कंबल







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली बाहरी दिल्ली** के नरेला में प्रमुख सामाजिक संस्था फेडरेशन ऑफ नरेला सब्सिटी ने लगातार कम हो रहे तापमान को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। कड़ाके की ठंड से ठिठुरते गरीब, असहाय व निर्धन लोगों के बीच पहुंचे फेडरेशन ऑफ नरेला के अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किया। ठंड से कंपकपा रहे लोगों को अचानक कंबल मिला तो वह खुश हो गए और संस्था के लोगों का धन्यवाद किया। लोगों ने संस्था की पहल की सराहना की। संस्था अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण का कार्य आगे भी जारी रहेगा। संस्था द्वारा हर वर्ष ठंड के मौसम में कंबल वितरण किया जाता है क्योंकि कड़ाके की ठंड में जिस गरीब के पास तन ढकने के लिए ढंग के कपड़े ना हो, उनके लिए कंबल वरदान के समान है। दहिया ने समाज के सभी जिम्मेदार नागरिकों को आगे आकर ऐसे लोगों की मदद करने को कहा कि समाज सेवा का कोई दायरा नहीं होता और आप अपने आस-पास ही ऐसे लोगों को तलाश सकते हैं। संस्था से जुड़े राजू अरोड़ा ने कहा कि ऐसा करके काफी आत्मसंतुष्टि मिलती है। क्योंकि साधन संपन्न लोग अपने संसाधनों से गर्म कपड़े, कंबल जुटा लेते हैं। लेकिन गरीब तबके को एक अद्द कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी होती है। फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी द्वारा समय-समय पर जनमानस के कल्याण के लिए कई सामाजिक कार्य किए जाते हैं। इसी के तहत रेलवे स्टेशन, सफियाबाद रोड, झुगी बस्ती आदि में कंबल वितरण किया गया जो आगे भी जारी रहेगा। कोई भी जरूरतमंद संस्था से संपर्क कर सकता है। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय कोच रणधीर खापरा, डॉ. शीशपाल, रणजीत सिंह पांडे, फेडरेशन के युवा अध्यक्ष गौरव राणा, दीपक कुमार अध्यक्ष सूर्य अपार्टमेंट सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रेस की 6 महिला रेस खेल प्रतियोगिताओं में मिला खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका: डीसी

**फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि महिला खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्थानीय सेक्टर-12 खेल परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मंजू श्योराण ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में किसी भी खिलाड़ी को जीतने और हारने के लिए नहीं खेलना चाहिए। बल्कि खेलों खेल के जरिये सीखने का प्लेटफार्म मिलता है। जहां खिलाड़ियों निस्संकोच भावना के साथ खेलने में बेहतर क्रियान्वयन के लिए सीखने का प्लेट फार्म की उपलब्धता मिलती है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती डॉक्टर मंजू श्योरान महिला खेल प्रतियोगिताओं में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर रही थी। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मंजू ने महिला खेल प्रतियोगिताओं में आई हुई महिलाओं का आभार व्यक्त किया।




खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती सुशीला सिंह एवं श्रीमती मीरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। महिला खेल प्रतियोगिताओं में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाएं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं मदर टेरेसा सर्विस क्लब के अधिकारी गण भी इन महिलाओं को प्रोत्साहन देने पहुंचे हुए थे। बता दें कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत काल में यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित की जाती है। इसमें 6 प्रकार की रेस प्रतियोगिताएं होती हैं। इनमें 300 मीटर, 400 मीटर,100 मीटर रेस, साइकिल रेस, मटका रेस व आलू चम्मच रेस करवाई जाती है।

इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली महिलाओं को नकद पुरस्कार की राशि ?2100, ?1100 व 750 रुपए दी जाती है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुशीला सिंह ने सभी आई प्रतिभागियों को शपथ दिलवाई। खिलाडियों ने इतनी ठंड में आकर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद किया। खेल प्रतियोगिताओं में विभाग के सभी कर्मचारी व सुपरवाइजरों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग किया। महिला खेल प्रतियोगिताओं में श्रीमती शीला, श्रीमती पूनम, श्रीमती सुनीता रावत, श्रीमती सुनीता राठी, श्रीमती शालू व श्रीमती राज उपस्थिति रही।

# साइंस मीडिया कम्युनिकेशन सेल, सीएसआईआर-निस्पर

**फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

आईआईएसएफ- 2023 के युवा वैज्ञानिक सम्मेलन को आज शुक्रवार को प्रो. आशुतोष शर्मा आईआईएसएफ 2023 के युवा वैज्ञानिक सम्मेलन इवेंट के तीसरे दिन अपना संबोधन दिया। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए) के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष शर्मा ने युवा वैज्ञानिक सम्मेलन 2023 में युवा शोधकर्ताओं को संबोधित करते हुए सिविल सेवकों और वैज्ञानिक पेशेवरों के बीच समानताएं दर्शाते हुए "विज्ञान कर्मयोगी" की अवधारणा पेश की, जिसमें वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के समाज में विज्ञान के अन्य हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से




जुड़ने के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी के समान एक मिशन, जिसका उद्देश्य भारत में शासन और सिविल सेवकों की क्षमताओं को बढ़ाना है "विज्ञान कर्मयोगी" भारत में वैज्ञानिक समुदाय में क्रांति ला सकता है। प्रो. शर्मा ने सभी वैज्ञानिक क्षेत्रों और आयु समूहों के शोधकताओं के लिए विभिन्न फेलोशिप की भी शुरूआत की।

यह फेलोशिप युवा वैज्ञानिकों और शोधकताओं को उनके करियर के विभिन्न चरणों में समर्थन और मान्यता देता है, साथ ही विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर योगदान को प्रोत्साहित करता है। प्रो. आशुतोष शर्मा ने वैज्ञानिक पत्रिकाओं और प्रकाशनों के क्षेत्र में भी गहन अध्ययन किया और शोध निष्कर्षों के प्रसार और वैज्ञानिक समुदाय के भीतर ज्ञान साझा करने को बढ़ावा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने युवा शोधकताओं को भारतीय वैज्ञानिक पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित करने के लिए भी प्रेरित किया।

इन्हें करवाया परिचितः-

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एम्स, भोपाल/जम्मू के अध्यक्ष डॉ. वाई.के. गुप्ता ने की।

## संक्षिप्त खबरें

### कैलाना गांव की ममता ने यूजीसी नेट परीक्षा पास की

**गन्नौर**



संत विवेकानंद स्कूल पुरखास की छात्रा रही ममता ने 184 अंको के साथ यूजीसी नेट परीक्षा पास करने में सफलता हासिल की है। ममता की इस उपलब्धी पर स्कूल व उनके गांव कैलाना में खुशी का माहौल है। ममता के अध्यापकण अपनी होनहार छात्रा पर गर्व कर रहे हैं। स्कूल निदेशिका पूनम गुलिया ने ममता को बधाई देते हुए बताया कि ममता होनहार छात्रा थी। ममता ने स्कूल में 12वीं की परीक्षा में गन्नौर ब्लाक टाप किया था। वहीं एमए इंग्लिश में वह भगत फूलसिंह यूनिवर्सिटी खानपुर कीटापर रही थी। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार गुलिया ने भी ममता की उपलब्धी पर गर्व महसूस करते हुए उसके उज्व्वल भविष्य की कामना की। ममता ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल स्टाफ व पिता आजाद सिंह व मां शीला देवी को दिया है।

### आईएमए फरीदाबाद और मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के सौजन्य से हुई मेडिकल संगोष्ठी में वास्कुलर सर्जरी पर डॉ. राजीव पारेख ने नई तकनीक के बारे में दी जानकारी

**फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

आईएमए फरीदाबाद और मेदांता अस्पताल गुरुग्राम के सौजन्य से एक मेडिकल संगोष्ठी का आयोजन फरीदाबाद नीलम बाटा रोड स्थित होटल मिलिनियम में देर शाम गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए फरीदाबाद के प्रेसिडेंट डॉ दिनेश गुप्ता ने की । मंच संचालन वाईस प्रेसिडेंट डॉ अनिल डुडेजा और डॉ कामना बक्शी ने किया। इस मौके पर आईएमए हरियाणा के संरक्षक डॉ नरेश जिंदल वशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस संगोष्ठी में जानेमाने मेदांता हॉस्पिटल के वास?कुलर सर्जरी के चेयरमैन डॉ. राजीव पारेख मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे । इस अवसर पर डॉक्टरों को बताय की ह्लवैस्कुलर सर्जरी का परिष्कृत प्रभाग एक सक्षम सुविधा है जो पेरिफेरल वैस्कुलर और एंडोवास्कुलर सर्जरी में एक व्यापक निदान और चिकित्सीय सेवा प्रदान करता है; हाइब्रिड जीगो कैथ लैब सहित उन्नत तकनीक द्वारा समर्थित, एक रोबोटिक भुजा के साथ जिससे बढ़िया एंडोवास्कुलर रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिलती है" उन्होंने बताया की , ह्लडीवीटी का निदान करने के लिए सबसे अच्छा तरीका कलर डॉपलर परीक्षा करना है जो रक्त वाहिकाओं के लिए एक विशेष अल्ट्रासाउंड है। यह परीक्षण थक्कों की सीमा निर्धारित कर सकता है - चाहे वे पैरों तक ही सीमित हों या पेट की वाहिकाओं तक पहुंच गए हों।" थ्रोम्बोसिस के कारणों के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि थ्रोम्बोसिस होने के प्रमुख कारण हैंः हाइपरकोएग्युलेबिलिटी या रक्त की बढ़ी हुई मोटाई - रक्त में थक्के जमने वाले कारकों की उच्च सांद्रता से घनास्त्रता की संभावना बढ़ जाती है। आमतौर पर इसके लिए वंशानुगत स्थितियां जिम्मेदार होती हैं। हाइपरकोएग्यूलेबिलिटी को थ्रोम्बोफिलिया के नाम से भी जाना जाता है। सर्वश्रेष्ठ टेक्नॉलजी द्वारा आज इस बीमारी का इलाज संभव और आसान हो गया है। डॉ. राजीव पारख ने बताया की जीवन शैली में बदलाव करके भी इस बीमारी को होने से रोका जा सकता है , धूम्रपान रोकने जैसे परिवर्तनीय जोखिम कारकों का उन्मूलन या नियमित शारीरिक व्यायाम वैकल्पिक छोटी वाहिकाओं को खोलने में मदद करता है जो संपार्श्विक रक्त प्रवाह प्रदान करते हैं और शारीरिक गतिविधि की सीमा को रोकते हैं। स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना पीवीडी को रोकने का अब तक का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। संगोष्ठी के अंत में डॉ दिनेश गुप्ता प्रेसिडेंट ने डॉ. राजीव पारेख का प्लांट देकर के और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ अश्विनी वधावन,सेक्रेटरी ,डॉ योगेश गुप्ता ट्रेजर , डॉ बिजेंद्र सिंह वाइस प्रेसिडेंट ,डॉ कुमार बख्शी वाइस प्रेसिडेंट , डॉ अनिल डूडेजा वाइस प्रेसिडेंट ,डॉ नरेश जिंदल पैटर्न , डॉ अनिल मलिक पूर्व हरियाणा स्टेट प्रेसिडेंट ,डॉ प्रताप सिंह , डॉ कुमार रामानंद रस्तोगी , डॉ दीपा गुप्ता , डॉ रीता डूडेजा , डॉअरुण गुप्ता ,डॉ राजेंद्र कुमार ,डॉ राजीव सक्सेना , डॉ एस एल मेहरा, डॉ कनिका सिरोही सहित कई डॉक्टर्स उपस्थित रहे।

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में होगा कार्यक्रम

**गन्नौर**

गांव बड़ी के शिव मंदिर में नौगजा बाबा कमेटी व ग्राम पंचायत बड़ी द्वारा 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कमेटी के प्रधान प्रमोद त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि दिन में राम भजनों के कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद आरती व दीप जलाने का कार्य किया जाएगा। प्रमोद त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कमेटी के उपप्रधान जोगेन्द्र त्यागी, महासचिव मुकेश त्यागी, सहसचिव नवीन त्यागी, पवन जैन, पंडित अजय उपाध्याय आदि ग्रामीण लगे हुए है।

# ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले के काटे चालान

**फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार व डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक विशेष अभियान के तहत आज विदाउट हेलमेट व ट्रिपल राइडिंग के यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालाको के चालान काटे कर लोगो को यातायात नियमों के संबंध में जागरुक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा विदाउट हेलमेट एवं ट्रिपल राइडिंग के खिलाफ विशेष अभियान के तहत विदाउट हेलमेट के 213 चालान एवं ट्रिपल राइडिंग के 07 चालान कर वाहन चालकों पर जुमार्ना



लगाया है। इस अभियान के तहत अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 954 वाहन चालको के चालान काटे है। जिसमें 466 ई-चालान व 488 पोस्टल चालान शामिल है। जिसमें ब्लैक फिल्म, प्रदूषण,विदाउट नम्बर प्लेट, हाई सिक्योरिट नम्बर, विदाउट हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, मोबाईल का प्रयोग ड्राइविंग के समय इत्यादि के चालान शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सड़क पर यातायात के दौरान होने वाली दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान, चालान काटकर जुमार्ना लगाने के साथ-साथ वीडियो वेन के माध्यम से भी स्कूल, कॉलेज व आम जनता में जाकर भी जागरूकता अभियान किए जाते हैं। लेन चेंज के बारे में उन्हें बताया जाता है कि भारी वाहन चालक अपनी लेन में ड्राइविंग करे ताकि यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे।

# नगर निगम चुनाव में विभिन्न वर्गों के आरक्षण ड्रा हुए संपन्न

**फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

नगर निगम चुनावों के मद्देनजर शुक्रवार को लघु सचिवालय में नगर निगम के वार्डों के आरक्षण के लिए ड्रा आयोजित किए गए। उपायुक्त विक्रम सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त शिखा आंतिल, पूर्व मेयर, पूर्व पार्षद, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व पत्रकारों की मौजूदगी में यह ड्रा निकाला गया। इस दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

उपायुञ्चत विक्रम सिंह की उपस्थित में हुए ड्रा में वार्ड-12. 14, 33,34, 45 एससी वर्ग के लिए आरक्षित किए गए। इनमें से वार्ड 33 व वार्ड 45 एससी महिला के लिए आरक्षित रहेंगे। बीसी-ए के लिए वार्ड 6 व 46 आरक्षित किए गए। इनमें से वार्ड 6 बीसी-ए महिला के लिए आरक्षित रहेगा। वहीं जरनल महिलाओं के लिए वार्ड 2, 5, 13,15,17,20, 21,25, 28,30, 31, 37,43 आरक्षित किए गए हैं। बाकी वार्ड सामान्य पुरुष के लिए आरक्षित रहेंगे।




## मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल शनिवार को थिस्टी बायोटेक सेंट में इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में होंगे शामिल : विक्रम सिंह

**फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल शनिवार को थिस्टी बायोटेक सेंटर में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल में शिरकत करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री मनोहर प्रातः 9.15 बजे थिस्टी बायोटेक इंस्टीट्यूट पहुंचेंगे। इसके बाद 10.15 बजे मानव रचना यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

## मानव रचना और डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन निमाया फाउंडेशन के साथ मिलकर महिलाओं को बनाएंगे सशक्त



**फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन और मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) शहर में पिछड़े इलाकों की जरूरतमंद बेटियों और महिलाओं को सक्षम बनाने की दिशा में काम करेंगे। इसके लिए जल्द ही एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड द्वारा संचालित फेलोशिप योजना शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया जाएगा। समझौते के तहत नव्या नवेली नंदा द्वारा स्थापित निमाया फाउंडेशन और सम्यक चक्रवर्ती की कंपनी वर्कवर्स बतौर प्रोग्राम सलाहकार जुड़ेंगे, जिससे पिछड़े इलाके की महिलाओं को हुनरमंद बनाया जाएगा।

पहले बैच में 60 महिलाओं को मिलेगा लाभइस योजना का मकसद महिलाओं को प्रेरणादायक करियर बनाने में मदद देना होगा। इस साझेदारी के तहत संस्थान में पहला बैच जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसमें कुल 60 वंचित महिलाओं को करियर आधारित प्रशिक्षण देकर कुशल बनाया जाएगा। साथ ही उन्हें अपने पेशेवर लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद भी दी जाएगी। कार्यक्रम के तहत महिलाओं व छात्राओं को एक्सपट्र्स के साथ मास्टर क्लास, कार्यस्थल बुद्धिमता कौशल, प्लेसमेंट को लेकर पांच हफ्तों में 70 घंटे ट्रेनिंग दी जाएगी।

सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग देकर उद्यमशीलता क्षमता का होगा विकास

इस का?क्रम के तहत जरूरी कौशल के साथ ही पांच सप्ताह की सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इस प्रस्तावित योजना का मुख्य मकसद छात्राओं व महिलाओं में उद्यमशील मानसिकता, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, कौशल विकास कर उनकी सामाजिक व आर्थिक बाधाओं को दूर करना है। जिससे उन्हें 21वीं सदी का कौशल मिले और वे महत्वाकांक्षी करियर बनाने में सक्षम हो सकें। डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन ने मुहिम के पहले चरण में फरीदाबाद के बल्लभगढ़ स्थित बालाजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की छात्राओं को चुना है।

# ब्लांक डीटू के हर चौराहे पर गति सीमा साईन बोर्ड लगवाए गए

**फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा, ब्लांक मे वाहन,तेज रफ्तार से ना चलाये, गति सीमा साईन बोर्ड ब्लाक डी-2, सैक्टर-10,में एक दर्जन लगवाए गये है ब्लाक के हर चौराहे पर गति सीमा साईन बोर्ड लगवाए गये है और गति सीमा बोर्ड के नीचे कोनवैकस मीरर लगवाए गये है इनके लगने से तिराहे पर ड्राइवरों को गाड़ी आती एक दूसरे को दिखाई दे जाती दुर्घटना का खतरा कम होता है सड़क के मोड़ पर अक्सर गाड़ियाँ टक्करा जाती हैं जिसकी वजह से दुर्घना होने से बचा जा सकता है ब्लाक-डी 2 के प्रधान जगजीत सिंह




नैंन,महासचिव इन्जीनियर अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि इनके लगने से ब्लाक की सुन्दरता के साथ साथ दुर्घटना होने से बचा जा सकता है।ब्लांक के संरक्षक पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला, किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि ब्लाक की कार्यकारिणी ब्लाक के अन्दर निरन्तर विकास कार्यों में लगी हुई है।आस पास के सैक्टरों के लोग भी आकर ब्लाक में कई चीजे देखकर अपने ब्लाक में लगवाने का सपना सजो रहे है, इन गति सीमा साईन बोर्ड को देखकर वाहन वालों को भी जागृति आऐगी

जिससे ब्लाक के अन्दर निकलने वाले वाहन धीमी गति से निकलेंगे इससे पहले ब्लाक में वाहन काफी तेजी से निकलते थे जिनसे दुर्घटना होने की सम्भवना बनी रहती थी। बच्चों गाड़ी तेज गति की वजह से सड़क पार नहीं कर सकते थे। अब सड़क के उपर गति सीमा साईन बोर्ड और कोनवैकस मीरर लगने से ब्लाक निवासी व वाहन चालक सुरक्षित हो जाऐंगे।इस मौके पर दिनेश खुराना,चरन जीत सिदवाल,रमेश चदना,आदि मौजूद थे।

# राजकुमार वोहरा ने फरीदाबाद में किया दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ

फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।

लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त शुरू हुए भाजपा के देशव्यापी दीवार लेखन अभियान के अन्तर्गत आज भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने फरीदाबाद की संजय कॉलोनी,सेक्टर-23 के बूथ नंबर 212 पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ह्यएक बार फिर से मोदी सरकार' लिख और कमल का निशान बनाकर ह्यदीवार लेखन कार्यक्रम' का शुभारंभ किया । इस अवसर पर लोकसभा विस्तारक श्री कर्मवीर यादव, कार्यक्रम संयोजक अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला सचिव, सुशील कुमार, एस.सी मोर्चा महामंत्री जगदीश कुमार, देवेन्द्र सिंह व मोर्चे के अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे । भाजपा के ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के द्वारा दीवार लेखन अभियान की शुरूआत हो चुकी है । प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने हरियाणा प्रदेश में इस अभियान की शुरूआत करते हुए दीवार पर भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल बनाया और प्रदेश भर के भाजपा कार्यकर्ताओं से दीवार लेखन का आह्वान किया । उसी कड़ी में आज भाजपा फरीदाबाद द्वारा दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ जिला अध्यक्ष द्वारा संजय कॉलोनी में किया गया और आज से पूरे फरीदाबाद ज़िले में भाजपा का दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू हो गया है। वोहरा ने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि ह्यएक बार फिर से मोदी सरकारह्व स्लोगन के साथ शुरू किए गए दीवार लेखन अभियान में पार्टी का बूथ स्तर तक का एक-एक कार्यकर्ता आत्मसात कर इसे सफल बनाएं । भारतीय जनता पार्टी के ज़िला अध्यक्ष वोहरा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक बार फिर भाजपा की स्थिर सरकार की आवश्यकता है ताकि देश का विकास और अधिक गति से हो सके और विकसित भारत का सपना जल्द से जल्द साकार हो सके, इसलिए भाजपा अपने दीवार लेखन अभियान के माध्यम से लोगों से अपील कर रही है कि ह्लएक बार फिर मोदी सरकारह्व । वोहरा ने बताया कि दीवार लेखन कार्यक्रम के निमित फरीदाबाद लोकसभा के कार्यक्रम संयोजक अनिल नागर व जिला कार्यक्रम संयोजक आर.एन सिंह और सह संयोजक मुकेश अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है । जिले की सभी विधानसभाओं में हमारे नेताओं के नेतृत्व में दीवार लेखन अभियान चलाया जायेगा और यह अभियान हर मंडल में बूथ स्तर तक चलाया जायेगा । इस दीवार लेखन अभियान कार्यक्रम के माध्यम से केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनहितकारी और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुँचाई जाएगी ।




# सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही है मोदी की गारंटी वाली गाड़ी :नरेन्द्र गुप्ता

**फरीदाबाद, 19 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्व सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही है, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जिला में ह्यअंत्योदयह्व उत्थान को समर्पित होकर लोगों तक पहुंच रही है। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज कृष्णा कॉलोनी व सेक्टर 10 पहुंची, जहां विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और पात्र व्यक्तियों को सरकार की

**का**

~~तीनों पर एक हिरासत में जेल भेज दिया~~

ह्यअंत्योदयह्व व ह्लजनकल्याणकारीह्व योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक व प्रेरित किया। उन्होंने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि मोदी की ह्यगारंटीह्व वैन ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्व के रूप में सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकाली जा रही है जो हर किसी के लिए खुशहाली लेकर आ रही है।

उन्होंने उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 20 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

## सीएम योगी ने अयोध्या में रखी नए अध्याय की नींव

### सीएम योगी आदित्यनाथ के हाथों शुक्रवार को देश में पहली बार अयोध्या से रूफ माउंटेड सोलर बोट परिचालन का हुआ उद्घाटन

**सौर ऊर्जा**

▸▸ सोलर बोट का बटन दबाकर किया संचालन, नौका परिवहन के तमाम पहलुओं की ली जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**उत्तर प्रदेश की** आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना वास्तविकता की शक्ल ले चुका है। इसमें शुक्रवार को एक और अध्याय जुड़ गया। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने के साथ ही उसे आधुनिकता और विरासत के समावेश से विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत 'नव्य अयोध्या' परियोजना बेहद सफल हो रही है। इसी परियोजना के अंतर्गत सरयू नदी को सौर व स्वच्छ ऊर्जा नौका परिवहन तथा इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से रोल मॉडल के तौर पर स्थापित करने की दिशा में सीएम योगी ने नए अध्याय की नींव रखी। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए हैं। इस क्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का उद्घाटन कर देश में पहली बार इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाले इलेक्ट्रिक सोलर टेक्नोलॉजी बेस्ड बोस सर्विस का शुभारंभ किया। उन्होंने इस बोट के परिचालन को लेकर तमाम तकनीकी पहलुओं के निरीक्षण के साथ ही इनलैंड वॉटरवेज के विकास के लिहाज से अयोध्या में हो रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली।

**सीएम ने सरयू में बोटिंग कर लिया नौकायन परिवहन की तैयारियों का जायजा:** सीएम योगी ने अयोध्या में सरयू घाट पर शुक्रवार को सोलर बोट के संचालन का शुभारंभ करते हुए फीता काटकर व बोट के नेवीगेशन बटन को दबाकर आगाज किया। इस दौरान उन्होंने सरयू नदी में इस बोट के जरिए नौकायन भी किया तथा सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं तथा इनलैंड वॉटरवेज के हिसाब से विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए उनके बारे में जानकारियां प्राप्त कीं। बोट पर राइड के दौरान उन्होंने घाटों पर भारी तादाद में जुटे श्रद्धालुओं का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

**ई-बोट चार्जिंग स्टेशन बनाए गए गंगा-6 को भी देखा**

**इस दौरान,** सेलिंग जेटी के तौर पर कार्यरत ई-बोट चार्जिंग स्टेशन बनाए गए गंगा-6 को भी देखा तथा इसके बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि यह सेलिंग जेटी 15 दिसंबर से अयोध्या में डेरा डाले हुए है तथा यह 20 बोट्स के बर्थिंग का माध्यम बन सकता है। सेलिंग जेटी पर इलेक्ट्रिक पावर चार्जिंग प्लग प्वॉइंट्स को भी विकसित किया गया है, जिसके जरिए सरयू नदी में चलने वाली ई-बोट्स की चार्जिंग व बर्थिंग प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकेगा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सीएम योगी ने 127 नाविकों को लाइफ जैकेट भी प्रदान किया। सीएम योगी ने रामभूमि स्वच्छ भूमि अभियान के तहत प्लास्टिक डिपॉजिट रिफंड सेंटर के काउंटर का भी शुभारंभ किया।

## पूर्व विधायक अमरजीत को कनाडा में एयरपोर्ट पर रोका गया

**7 घंटे पूछताछ**

▸▸ अगर नीतीश जी एनडीए में आते हैं तो उनका खुले दिल से स्वागत है : नवादा सांसद चंदन कुमार



टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

पंजाब के रूपनगर से पूर्व विधायक अमरजीत सिंह संदोआ को कनाडा के टोरंटो एयरपोर्ट पर रोककर सात घंटे पूछताछ की गई। बताया जा रहा है कि उनसे नाबालिग बच्चे से मारपीट व छेड़छाड़ के मामले में सात घंटे तक पूछताछ की गई। रूपनगर के एसएसपी की ओर से पत्र भेजने के बाद उन्हें कनाडा में प्रवेश की अनुमति दी गई। संदोआ के खिलाफ कनाडाई इमिग्रेशन विभाग को एक शिकायत मिली थी। इसमें लिखा गया था कि उन पर एफआईआर दर्ज है। इसके चलते कनाडा के इमिग्रेशन विभाग ने 17 जनवरी को उन्हें एयरपोर्ट पर रोक लिया। इसके बाद कनाडा के अधिकारियों ने रूपनगर के एसएसपी से संपर्क भी साधा। एसएसपी गुलनीत खुराना ने पूर्व विधायक संदोआ को क्लीन चिट देते हुए एक पत्र कनाडा के अधिकारियों को भेजा। सात घंटे बाद संदोआ को जाने दिया गया। एसएसपी गुलनीत सिंह खुराना ने कहा कि पूर्व विधायक के बारे में उनसे जानकारी मांगी गई थी। उन्हें भेजे पत्र में स्पष्ट किया गया कि उनके खिलाफ एक मामला था, जिसे हाईकोर्ट ने खत्म कर दिया था।

## 22 जनवरी को उत्तराखंड में सरकारी दफ्तरों में रहेगी आधे दिन की छुट्टी

**कर्मचारी नाखुश**

▸▸ सरकार द्वारा सरकारी कार्यों में आधा दिन का अवकाश किया गया है जो की औचित्यहीन है



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**अयोध्या में** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उत्तराखंड सरकार ने 22 जनवरी को सरकारी दफ्तरों में आधे दिन की छुट्टी घोषित की है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के बाद कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी कार्यों में आधा दिन का अवकाश किया गया है जो की औचित्यहीन है। आदेश से नाखुश कर्मचारियों ने कहा कि क्या कर्मचारी शिक्षक पहले प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेंगे और 2:30 बजे बाद अपने कार्यालय में आएंगे जोकि असंभव है। सरकार अवकाश पर पुनर्विचार करके 22 जनवरी 2024 को पूरे दिन का अवकाश घोषित करें।

**पूरा देश इस समय राममय:** भाजपा के राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने भी मुख्यमंत्री से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक पत्र भी लिखा था।बंसल ने अपने पत्र में कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम है। इसकी उत्तराखंड समेत पूरे विश्व में भव्य आयोजन की तैयारी चल रही है। पूरा देश इस समय राममय है। आस्था और विश्वास का यह महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

हर व्यक्ति 22 जनवरी का कार्यक्रम देखने को उत्सुक है। प्रत्येक रामभक्त इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनना चाहता है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि प्रदेशों में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, ताकि लोग धूमधाम से यह उत्सव मना सकें।

## अयोध्या-उज्जैन का ऐतिहासिक संबंध रहा है: सीएम मोहन

**भेजे गए लड्डू**

▸▸ रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की मिठास फैलाने के लिए अयोध्या भेजे जा रहे हैं लड्डू




**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज हमारे सामने वर्तमान की अयोध्या नगरी का जो भौगोलिक स्वरूप है उसे दो हजार साल पहले सम्राट विक्रमादित्य के काल में जीर्णोद्धार कर नया रूप दिया गया था, भव्य मंदिर भी सम्राट विक्रमादित्य द्वारा बनवाया गया। मध्यप्रदेश का विशेषकर उज्जैन का अयोध्या के लिए दो हजार साल पहले भी समर्पण रहा है। वह युग पुनः वापस आ रहा है, भगवान श्रीराम पांच सौ साल के संघर्ष के बाद पुनः गर्भ गृह में विराजमान हो रहे हैं, प्रसन्नता का विषय है कि यह सब हमारे सामने ही घटित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति उज्जैन द्वारा अयोध्या में भगवान रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भेजे जा रहे 5 लाख लड्डू प्रसाद रथ के तुलसी मानस प्रतिष्ठान भोपाल से प्रस्थान के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इससे पहले मानस प्रतिष्ठान स्थित श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में भगवान राम का पूजन अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रामगोपाल सोनी द्वारा लिखित "अयोध्या-मानव सृष्टि की प्रथम जन्मस्थली" पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केसरिया ध्वजा लहराकर अयोध्या के लिए प्रसाद-रथ के रूप में चार ट्रक रवाना किये। प्रत्येक ट्रक में सवा लाख लड्डू हैं।


## ग्रेनो प्राधिकरण ने 30 कार्यों के लिए 43 करोड़ के जारी किए टेंडर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों व गांवों में मरम्मत व रखरखाव के कार्यों को और तेज कर दिया है। प्राधिकरण ने 30 कार्यों के लिए लगभग 43 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा काम कराने की तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व गांवों में विकास व रखरखाव के कार्यों को तेज करने के निर्देष दिए हैं। सीईओ के निदेर्शों पर अमल करते हुए परियोजना विभाग 30 कार्यों के लिए 43 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं।

## 'जेलों में 23% कैदी हेपेटाइटिस सी के शिकार'

**जवाब तलब**

▸▸ हलफनामा दाखिल कर यह बताने का आदेश दिया है कि हेपेटाइटिस सी के रोगियों का किस प्रकार इलाज किया जा रहा है




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पंजाब की जेलों** में 23 प्रतिशत कैदियों के हेपेटाइटिस सी के शिकार होने के आंकड़ों को चिंताजनक मानते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा व पंजाब सरकार को कैदियों के इलाज को लेकर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही दोनों राज्यों को जेलों में मेडिकल स्टाफ व अन्य सुविधाओं को लेकर विस्तृत हलफनामा सौंपने का आदेश दिया है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने जेलों में कैदियों की बदतर स्थिति को लेकर संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई आरंभ की थी। कोर्ट को बताया गया कि जेलों में कैदियों की अप्राकृतिक मौत के पंजाब में 42 मामले थे जिनका राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व पंजाब मानवाधिकार आयोग ने निपटारा किया है। इसके साथ ही बताया गया कि पंजाब की जेलों में मेडिकल ऑफिसर के 42 पद मंजूर हैं और वर्तमान में 36 पद भरे हैं और केवल 6 पद खाली हैं। इसके साथ ही फार्मासिस्ट के 48 पद मंजूर हैं और केवल 35 पदों भरे हैं बाकी 13 पद खाली पड़े हैं। इसके साथ ही कोर्ट को बताया गया कि पंजाब की जेलों में सर्वे के दौरान 23 प्रतिशत मरीज हेपेटाइटिस सी के शिकार पाए गए। अब हरियाणा व पंजाब सरकार को हलफनामा दाखिल कर यह बताने का आदेश दिया है कि हेपेटाइटिस सी के रोगियों का किस प्रकार इलाज किया जा रहा है।

## प्राण-प्रतिष्ठा: प्रवेशिका पर बने क्यूआर. कोड के मिलान के बाद ही अतिथियों को मिलेगा प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

भगवान श्री रामलला सरकार के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में 22 जनवरी को प्रवेश केवल श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा जारी की गई प्रवेशिका के माध्यम ही संभव हो सकेगा। इतना ही प्रवेशिका पर बने क्यूआर कोड का मिलान होगा, उसके बाद ही अतिथियों को श्रीराम मंदिर परिसर में प्रवेश मिल सकेगा। जिनके पास केवल निमंत्रण-पत्र होगा, ऐसे आगंतुकों को प्रवेश नहीं हो पाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ह्यएक्सह्न के जरिए शुक्रवार को यह जानकारी दी है। ट्रस्ट की ओर से प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में आमंत्रित महानुभावों को दी गई जानकारी में बताया गया है कि भगवान श्री रामलला सरकार के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में प्रवेश केवल श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा जारी की गई प्रवेशिका (एंट्री पास) के माध्यम से ही संभव है। केवल निमंत्रण पत्र से आगंतुकों को प्रवेश सुनिश्चित नहीं हो पाएगा। प्रवेशिका पर बने क्यू. आर. कोड के मिलान के बाद ही परिसर में एंट्री हो पाएगी।

## प्राण प्रतिष्ठा: 15 लाख से अधिक दीयों से जगमग होगा मुजफ्फरपुर

**मुजफ्फरपुर:** राम नगरी अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अब पूरे देश भर में जश्न और उत्सव मनाया जा रहा है। वहीं, मुजफ्फरपुर जिले में भी इसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। शहर का वातावरण राममय हो गया है और सभी मंदिरों में रामधुन हो रही है। 22 जनवरी को दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसको लेकर जिले में लोगों ने तैयारी कर ली है, जिसमें अब तक 15 लाख से अधिक दीयों के ऑर्डर दिए जा चुके हैं।

## मुख्यमंत्री धामी ने टिहरी की योजनाओं पर डीएम से मांगा प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया/नई टिहरी**

टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कई अहम मुद्दों पर टिहरी डीएम को परीक्षण के उपरांत यथोचित प्रस्ताव तत्काल देने के निर्देश दिए हैं। विधायक उपाध्याय ने भी डीएम से इन प्रस्ताव पर चुनावी आचार संहिता से पूर्व ठोस कार्यवाही करने को कहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री धामी के टिहरी आगमन के दौरान विधायक किशोर उपाध्याय ने



विभिन्न मांगों व मुद्दों को लेकर उन्हें पत्र सौंपा था। जिसमें उन्होंने हनुमंत राव कमेटी के आलोक में बांध विस्थापित एवं प्रभावितों को पेयजल निशुल्क उपलब्ध कराने, नई टिहरी शहर में अतिरिक्त भूमि का नियमीकरण, नई टिहरी स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाने, कोटी कॉलोनी से बौराड़ी होते हुए नई टिहरी तक रोपवे का निर्माण, नई टिहरी की आंतरिक सड़कों का हाटमिक्स डामरीकरण करना, नई टिहरी दुग्ध संघ को पुर्नजीवित करने सहित गांवों के लिए सड़कों के निर्माण की मांग की थी।

**रामोत्सव** — अयोध्या को सजाने-सवारने का काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है

## हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए संजीवनी बनेगी अयोध्या

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या को** विश्व की धार्मिक और सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहते हैं। उनकी यह सोच देश-दुनिया में श्रीराम की स्वीकार्यता के अनुरूप ही है। इसी अनुसार अयोध्या को सजाने-सवारने का काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। अयोध्या के सांस्कृतिक विकास से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को संजीवनी मिलेगी, बड़े पैमाने पर रोजी-रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसका लाभ सिर्फ अयोध्या को ही नहीं, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर को भी होगा।



**अयोध्या को सर्च करने वालों की संख्या में एक हजार प्रतिशत की वृद्धि:** पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर अयोध्या को सर्च करने वालों की संख्या में करीब एक हजार फीसद वृद्धि हुई है। ये आंकड़े हॉस्पिटैलिटी और इससे जुड़े सेक्टर्स में उम्मीद जगाते हैं। इस इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का अनुमान है कि आने वाले कुछ वर्षों में अयोध्या, रोज आने वाले श्रद्धालुओं के हिसाब से पहले नम्बर पर होगी। फिलहाल देश के सबसे संपन्न मंदिरों में शुमार तिरुपति बालाजी इस मामले में पहले पायदान पर है। वहां हर रोज अमूमन 50 हजार श्रद्धालु आते हैं। किसी खास अवसर या छुट्टियों के दिन यह संख्या एक लाख के करीब पहुंच जाती है। 2017 तक हर साल अमूमन अयोध्या में दो लाख श्रद्धालु आते थे। अब इनकी संख्या बढ़कर दो करोड़ तक पहुंच गई है। अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों तक हर साल हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में 20 से 25 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

